नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, मोदीनगर मुरादनगर आदि से प्रसारित

दैनिक
# वर्तमान सत्ता

एनसीआर का प्रमुख

वर्तमान सत्ता प्रकाशन के सफलता के 25 वर्ष
www.vartmansatta.com

वर्षः 28 अंकः 137 नोएडा ( गौतमबुद्धनगर ) मंगलवार | 01 अप्रैल 2025 आर.एन.आई. नं. 72344/98 | email: vartmansatta@yahoo.com पृष्ठ-6, मूल्यः 1.00 रुपया




# नोएडा में लगी भीषण आग

## बिल्डिंग से नीचे कूदकर लोगों ने बचाई अपनी जान



**वर्तमान सत्ता**

**नोएडा।** सेक्टर 18 स्थित अट्टा मार्केट का नाम कौन नहीं जानता। खासकर दिल्ली–एनसीआर के लोग खरीदारी करने यहां बड़े चाव से आते हैं। आज सुबह यहां मार्केट रोजाना की तरह खुला। चहल पहल बढ़ने लगी। इस बीच, कृ घ्णा प्लाजा के बेसमेंट पर एक दुकान में आग लग गई। आग लगते ही बिल्डिंग परिसर में ध ुआं भर गया। अफरा–तफरी के बीच बिल्डिंग का ग्लास तोड़ कर करीब 4 लोग नीचे कूद गए हैं। इनमें से एक की हालत गंभीर है। मौके पर फायर ब्रिगेड की छह गाडियां पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं। फायरकर्मी पूरी मशक्ध्कत के साथ आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। सेक्ध्टर 18 स्थित कृष्ध्ण आपरा प्लाजा में आग लगने से अफरातफरी का माहौल कायम हो गया है। यह आग कैसे लगी इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। अग्निकांड की घटना बिल्डिंग के बेसमेंट में हुई है। यहां से बढ़ती हुई आग की लपटें फर्स्ट फ्लोर से होते हुए सेकेंड फ्लोर तक पहुंची गई। आग देखकर बेसमेंट में काम कर रहे कुछ लोग जान बचाने के लिए ऊपर की ओर भागे। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए भेजा गया है। मौके पर मौजूद फायर फाइटर्स आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान कुछ लोग बिल्डिंग में फंसे हुए हैं जिनको रेस्क्यू किया जा रहा। आग बिल्डिंग के ऊपरी तल तक पहुंच गया है। वहां फंसे लोगों को निकालने का काम किया जा रहा है। ज्ञात हो कि दो दिन पहले ग्रेटर नोएडा के एक पीजी में आग लगने का वीडियो सामने आया था। आग के दौरान पीजी की बालकनी से दो युवतियां खुद की जान बचाते नजर आईं थीं। सीढ़ी से उतरने के दौरान एक युवती गिरकर घायल हो गई थी।

## यूपीएस के विरोध में काला दिवस मनाया



**वर्तमान सत्ता**

**दादरी।** अटेवा के आव्हान पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दादरी पर कर्मचारी नेता कपिल चौधरी एवं डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सी डी यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कर्मचारियों ने यूपीएस के विरोध में काला दिवस मनाया। समस्त कर्मचारी, कर्मचारी नेता कपिल चौधरी के नेतृत्व काली पट्टी बांधकर कार्य किया और केंद्र पर एकत्रित होकर यूपीएस व एनपीएस का विरोध किया। तथा पुरानी पेंशन बहाल करो नारो के साथ माननीय जिलाधि ाकारी महोदय को ज्ञापन सौंपने के लिए प्रस्थान किया।

कर्मचारी नेता चौधरी ने कहा पुरानी पेंशन बुढ़ापे की लाठी है और ये हमारा अधिकार है। पुरानी पेंशन के अलावा हमें कुछ भी स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा की ओपीएस देने की बजाय यूपीएस जबरन कर्मचारी व शिक्षकों पर थोपा जा रहा है जब देश में एक विधान ,एक चुनाव ,एक सरकार है ,तो पेंशन प्लान तीन–तीन क्यों अपने खून पसीने से देश व राज्यों को सींचने वाले कर्मचारियों से बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन क्यों छीनी जा रही है केंद्र व राज्य सरकार जल्द से जल्द पुनः विचार करते हुए पुरानी पेंशन बहाल करें जो भी पुराने पेंशन बहाली से संबंधित आंदोलन होगा उसमें हम सभी लोग शामिल होंगे। इस मौके पर डॉ गुरप्रीत कौर, संजय कुमार स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, विपिन कुमार एआरओ ,हरेंद्र सिंह नागर,शफीकुर्रहमान,नेहा शर्मा, आलोक कुमार ,धर्मेंद्र कुमार सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लोगों ने कैंडल मार्च निकाला

**नोएडा।** सेक्टर 78 स्थित महागुण मॉडर्न के निवासियों ने अपनी पीड़ा को बताने के लिए शाम साढ़े सात बजे कैंडल मार्च निकाला। काफी बड़ी संख्या में निवासियों ने इसमें हिस्सा लिया । सोसायटी में निवासियों पिछले तीन रविवार से आंदोलनरत हैं और जब तक उनकी बात नहीं सुनी जाती तब तक सत्याग्रह के माध्यम से शांति पूर्ण आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया है।

निवासियों का कहना है कि सोसायटी की हालत बहुत खराब है और इसका एक ही इलाज है हर वर्ष सभी पदों पर एओए का चुनाव। कुछ लोगों ने पिछले 7 सालों से सोसायटी पर कब्जा कर रखा है और नए नए हथकंडे अपना कर पोस्ट पर बने हुए हैं। कुछ भी करने से पहले कोई बैठक नहीं बुलाते हैं और मनमानी कर अपनी मर्जी से काम करते है। मेजर रिपेयर के नाम पर बिना किसी बैठक के 5 करोड़ रुपए खर्च कर दिया है और अभी काम पूरा भी नहीं हुआ है। निवासियों का कहना है कि जब तक चुनाव नहीं होता है तब तक सत्याग्रह के रास्ते पर चलते हुए आंदोलन जारी रहेगा।

## एनटीपीसी में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**वर्तमान सत्ता**

**दादरी।** एनटीपीसी दादरी के महाराणा प्रताप स्टेडियम में उत्तर क्षेत्रीय क्रिकेट (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता 2025 का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि श्री के. चंद्रमौली, कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख (एनटीपीसी दादरी) ने मशाल प्रज्ज्वलित कर टूर्नामेंट का औपचारिक शुभारंभ किया।कार्यक्रम के दौरान सभी टीमों का शानदार मार्च पास्ट देखा गया, जिसमें सभी प्रतिभागी दलों ने अपनी एकजुटता और जोश का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क के महत्व को रेखांकित किया। इस टूर्नामेंट में एनटीपीसी के उत्तर क्षेत्र से ये 8 टीमें सम्मिलित हुईं दृ दादरी लीजेंड्स, विंध्य वारियर्स, रीहंद रैप्टर्स, सिंगरौली स्पार्टन्स, ऊँचाहार यूनिकॉर्न, मेजा मार्वल्स, टांडा टाइगर्स और टीम टाइगर्स फरीदाबाद आज 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक चलने वाले इस रोमांचक टूर्नामेंट में सभी टीमें विजेता बनने के लक्ष्य के साथ मैदान पर उतरेंगी। इस खेल महोत्सव के साथ ही, एनटीपीसी दादरी के कर्मचारियों एवं टाउनशिप निवासियों में भी उत्साह की लहर देखी जा रही है।

## मेरा एनकाउंटर करना चाहती थी पुलिस : नंदकिशोर गुर्जर

### फटे कुर्ते में लखनऊ पहुंच कर अपना गुस्सा जाहिर किया



**वर्तमान सत्ता**

**ग्रेटर नोएडा।** गाजियाबाद से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर फटे कुर्ते में लखनऊ पहुंचे। यहां उन्होंने प्रेसवार्ता कर अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में आसुरी शक्तियां सक्रिय हैं। मैंने 50000 गाय कटने की शिकायत योगीजी से की। यह बात कुछ लोगों को अच्छी नहीं लगी। इसी के चलते पुलिस ने लोनी (गाजियाबाद) में रामकथा रुकवा दी। मेरी गिरेबान पकड़कर कुर्ता फाड़ दिया। कलशयात्रा लेकर जा रही महिलाओं के साथ बदतमीजी की। कलश भी फोड़ दिए। उन्होंने ने कहा कि परंपरागत यात्रा में अनुमति लेने की जरूरत नहीं होती। हम 11000 कलश की यात्रा निकालने वाले थे। लोनी बॉर्डर पर पुलिस ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को बुलाया। उनसे पुछवाया कि हम लिखकर दें– यात्रा निकलेगी तो विवाद हो जाएगा। जब समाज के लोगों ने ऐसा करने से मना कर दिया। इस पर पुलिस ने मुस्लिम समुदाय को सीख दी कि जब कलशयात्रा निकले तो आप लोग पत्थर फेंक देना।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब कराने के लिए लखनऊ से किसी अधिकारी ने फोन करके कहा था। इस कलश यात्रा को हमारी बहन और माताएं लेकर निकली थीं। वह जुलूस नहीं था। योगी सरकार में जिस पर फूल बरसाए जाते हैं, उन पर लाठियां बरसाई गईं।

प्रेसवार्ता में विधायक नंदकिशोर फटा कुर्ता पहनकर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी बात नहीं सुनी जाती तब तक ऐसे ही रहेंगे। नंदकिशोर ने कहा कि सीएए पर लखनऊ में दंगा हुआ... लेकिन लोनी में किसी की औकात नहीं है। मैं भाजपा का था और हमेशा रहूंगा। मैं 1989 से आरएसएस का स्वयंसेवक हूं। अगर राणा सांगा को गद्दार कहा है तो ऐसे लोगों को चौराहे पर फांसी होनी चाहिए। कुछ निकम्मे लोग हैं, जिन्हें बाहर से फंडिंग होती है। वरना यहां कोई दंगा नहीं होता। लोनी विधानसभा विध ाायक नंदकिशोर गुर्जर ने भाजपा को कारण बताओ नोटिस का जवाब भेजा। विध ाायक ने जवाब में कहा कि, मेरे लिए संगठन सर्वोपरि। संगठन की टीम लोनी भेजकर पुलिस की बर्बरता की पुष्टि की जा सकती है। षड्यंत्र के तहत बड़े अधिकारी के इशारे पर पुलिस कलश यात्रा पर पथराव कराना चाहती थी। उसी की आड़ में पुलिस मेरा एनकाउंटर कराना चाहती थी।

## टीचर ने बच्चे को जमकर पीटा

**वर्तमान सत्ता**

**नोएडा।** शहा में ऑटिज्म (मानसिक रोग) से पीड़ित 10 साल के बच्चे को टीचर ने जमकर पीटा। टीचर उसे चित्रों के जरिए पढ़ा रहा था। बच्चा समझ नहीं पाया तो उसे गुस्सा आ गया। पहले टीचर ने उसके हाथ पर थप्पड़ मारे। फिर बाल नोचकर हाथ मरोड़ा और कई मुक्के मारे।

महिला टीचर ने पिटाई का वीडियो बनाकर स्कूल के वॉट्सऐप ग्रुप में डाल दिया। बच्चे के पिता ने 2 दिन बाद वीडियो देखा। इसके बाद स्कूल के टीचर, प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल के खिलाफ सेक्टर–58 थाने में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने टीचर अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। स्कूल बिना मान्यता के चल रहा था। ठे। ने स्कूल को सील कर दिया है। घटना सेक्टर–55 के डी ब्लॉक के ग्रीन रिबन इंटरनेशनल स्कूल की है। मामले में कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं।

## शराब ठेके के विरोध में महिलाओं ने किया कीर्तन




**वर्तमान सत्ता**

**दादरी।** जारचा के धनुवास गांव में देशी मदिरा बिक्री के विरोध में महिलाओं ने मोर्चा संभाल लिया है। आरोप है कि शराब का यह ठेका आबादी के बीच में है। लोगों का कहना है कि नियम के तहत आबादी के बीच में ठेके का संचालन नहीं हो सकता है। ऐसे में महिलाओं ने दुकान को बंद करा उसके सामने कीर्तन शुरू कर दिया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि आबादी के बीच में ठेके का संचालन नियम से हट कर किया जा रहा है। यहां पर शराब पीने के बाद अक्सर विवाद के मामले होते रहते हैं। ग्रामीणों की मांग है ठेके का संचालन आबादी से दूर किया जाए। कीर्तन करने वाली महिलाओं ने मंगलवार को दुकान नहीं खुलने दी। वहीं दूसरी तरफ ग्रामीणों की मांग को भारतीय किसान यूनियन भानू ने भी समर्थन दे दिया। मौके पर पुलिस के साथ ही आबकारी विभाग के अधिकारी भी पहुंच गए। ग्रामीणों से वार्ता का दौर चल रहा है।

## जिले में बदमाशों पर कहर बनकर टूट रही है पुलिस




**वर्तमान सत्ता**

**गौतमबुद्धनगर।** कमिश्नरेट पुलिस की सख्ती के चलते जिले में न केवल अपराधियों पर लगाम लगी है, बल्कि संगठित अपराध की भी कमर टूटी है। पुलिस का कहर बदमाशों पर जारी है। इससे आम जनमानस और उद्योगपति अपने को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। थाना सेक्टर–24 पुलिस चौकी हरिदर्शन के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सेक्टर–56 टी पाइंट की तरफ सामने से एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। संदिग्ध लगने पर रुकने का इशारा किया। लेकिन वह नहीं रुका और मोटर साइकिल सवार व्यक्ति पीछे मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा। शक होने पर पुलिस ने मोटर साइकिल सवार व्यक्ति का पीछा किया। अपने को घिरता देख मोटरसाइकिल सवार डिस्बैंलेंस होकर गिर गया। उसने तमंचा निकाला और पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। पुलिस ने जवाबी फायर किया। गोली व्यक्ति के पैर में लगी। बदमाश की पहचान सौहन सिंह उर्फ सोनू पुत्र अवतार सिंह निवासी त्रिलोकपुरी दिल्ली हुई। उसकी उम्र करीब 36 साल बताई गई। ये एक शातिर लुटेरा है। इस पर नोएडा और दिल्ली में 16 से ज्यादा मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने अन्य जिलों में भी इसकी रिकार्ड वेरिफाइ करने के लिए जानकारी साझा की है। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि राह चलते लोगों से मोबाइल और चेन स्नेचिंग की घटना करता है। साथ ही अगर कोई विरोध करता तो हथियार के बल पर उसे डराता धमकाता भी है। पुलिस इसका आपराधि ाक रिकार्ड खंगाल रही है। इसके पास से बाइक बरामद की गई है। ये चोरी की है। इसके अलावा 8500 रुपए नगद जिसे से मोबाइल बेचकर कमाए थे। इसके साथ 5 मोबाइल फोन बरामद किए गए। ये मोबाइल लोगों से छीनें गए थे।

# जिले में बनेगा एक और एक्सप्रेसवे

## नोएडा प्राधिकरण ने दी हरी झंडी : आठ लेन का होगा



**वर्तमान सत्ता**

**गौतमबुद्धनगर।** जिले एक और एक्सप्रेसवे बनने की तैयारी है। नोएडा अथॉरिटी ने इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी है। पिछले हफ्ते बोर्ड मीटिंग में इस पर लंबी चर्चा हुई। मीटिंग में इसकी जरूरत, डिजाइन और रूट पर बात हुई। अब दो बातें सामने आ रही हैं। पहला, आठ लेन का एक्सप्रेसवे जमीन पर बनाया जाए। दूसरा, छह लेन की एलिवेटेड रोड यमुना नदी के किनारे बनाई जाए। यह एलिवेटेड रोड ओखला बैराज (कालिंदी कुंज के पास) से यमुना एक्सप्रेसवे तक जाएगी। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच यमुना नदी के किनारे एक और रास्ता बनाने की योजना पहले से चल रही है। लेकिन अब इसकी जरूरत और भी ज्यादा महसूस हो रही है। क्योंकि नोएडा एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक बहुत बढ़ गया है। यहां रिहायशी और कमर्शियल प्रॉपर्टीज तेजी से बढ़ रही हैं। इसके अलावा एयरपोर्ट भी इसी साल खुलने वाला है। इससे भी ट्रैफिक और बढ़ेगा। नोएडा प्रशासन चाहता है कि इस नए एक्सप्रेसवे को बनाने का काम (नेशनल हाइवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया) करे। अगर NHAI यह काम करता है, तो इस सड़क को नेशनल हाईवे घोषित किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, 28 मार्च को हुई बोर्ड मीटिंग में चीफ सेक्रेटरी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि अगर NHAI यह काम नहीं करता है, तो नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण को मिलकर यह सड़क बनानी चाहिए। नोएडा एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक बहुत बढ़ गया है। इसकी वजह यह है कि इसके दोनों तरफ रिहायशी, इंडस्ट्रियल, इंस्टीट्यूशनल और कमर्शियल इलाके तेजी से विकसित हो रहे हैं। कोविड के बाद ग्रेटर नोएडा की आबादी भी बढ़ गई है। इसलिए एक्सप्रेसवे पर दिन भर जाम लगा रहता है। लोगों को डर है कि कहीं इसका हाल भी दिल्ली–गुड़गांव एक्सप्रेसवे जैसा न हो जाए। दिल्ली–गुड़गांव एक्सप्रेसवे पर सुबह और शाम के समय बहुत ज्यादा ट्रैफिक होता है। इसलिए एक बाईपास बनाना जरूरी है। प्रस्तावित नया एक्सप्रेसवे ओखला बैराज से यमुना एक्सप्रेसवे तक जाएगा। यह हिंडन–यमुना दोआब से होकर गुजरेगा। सूत्रों के अनुसार, रूट तय करते समय यमुना के किनारे बनी सड़कों का ध यान रखा जाएगा। यह इलाका अभी सिंचाई विभाग के अंतर्गत आता है।

खास लोगों के लिए खास अखबार

वर्तमान सत्ता


राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का प्रमुख दैनिक

## भ्रष्टाचार का प्रश्न

दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास में आग लगने के दौरान मिले अधजले नोटों ने एक बार फिर न्यायपालिका को कठघरे में खड़ा करने का काम किया। इस मामले से न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का प्रश्न फिर से सतह पर आ गया है और वह व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके पहले भी कई बार उच्चतर न्यायपालिका के न्यायाधीशों के भ्रष्टाचार के मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन विडंबना यह है कि किसी भी मामले की नीर–क्षीर ढंग से जांच नहीं हो सकी और न ही आरोपित न्यायाधीश को महाभियोग के जरिये हटाया जा सका।आम जनता उच्चतर न्यायपालिका के न्यायाधीशों को इस निगाह से देखती है कि वे संविधान और साथ ही सामान्य जन के अधिकारों के रखवाले हैं। जब–जब न्यायाधीशों के भ्रष्टाचार का मामला सामने आता है, तब–तब आम जनता का न्यायपालिका पर से भरोसा डिगता है। समय के साथ यह धारणा आम होती जा रही है कि न्यायपालिका अपना काम सही तरह नहीं कर रही है। अदालतों से जिन लोगों का वास्ता पड़ता है, उनमें तो यह धारणा कहीं अधिक प्रबल है, क्योंकि उन्हें समय पर न्याय नहीं मिलता।

निचली अदालतों की दयनीय दशा से आम लोग कहीं अधिक अवगत हैं, जहां तारीख पर तारीख का सिलसिला कायम रहता है और लंबित मामलों की संख्या करोड़ों में है। उच्च न्यायालयों एवं उच्चतम न्यायालय के हालात भी उन लोगों से छिपे नहीं, जिनके मामले वहां चल रहे हैं। चूंकि जनता का एक छोटा प्रतिशत ही न्याय पाने के लिए उच्चतर न्यायपालिका के दरवाजे पहुंचता है, लिहाजा शेष जनता यह मानकर चलती है कि नेताओं और नौकरशाहों के मुकाबले उच्चतर न्यायपालिका के न्यायाधीश उसकी समस्याओं का समाधान करने में कहीं अधिक तत्पर हैं, पर अब ऐसा कहना कठिन होता जा रहा है। जस्टिस वर्मा के मामले के बाद ऐसा कहना और कठिन होगा। उच्चतम न्यायालय ने जस्टिस वर्मा के मामले की जांच के लिए तीन न्यायाधीशों की एक समिति गठित कर दी है। वह यह पता लगा रही है कि जस्टिस वर्मा के घर मिले अधजले नोट किसके थे और कहां से आए? इसकी जांच इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि जस्टिस वर्मा कह रहे हैं कि उन्हें नहीं पता कि अधजले नोट किसके हैं और कहां से आए? वे खुद को फंसाए जाने की साजिश की ओर संकेत करते हुए यह भी कह रहे हैं कि उनके आवास के जिस आउटहाउस में आग लगी, वहां उनका या उनके परिवार के सदस्यों का आना–जाना नहीं था। उनका यह भी कहना है कि आउटहाउस में आग लगने के दौरान नोट जले, इसकी जानकारी उन्हें नहीं दी गई। पता नहीं सच क्या है, लेकिन इस मामले की जांच रपट शीघ्र सामने आनी चाहिए, अन्यथा पहले के मामलों की तरह यह भी लोगों की स्मृति से ओझल हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने जस्टिस वर्मा को वापस इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया है।

# अब पुरुष भी हो रहे हैं घरेलू हिंसा के शिकार!



अशोक भाटिया,
वरिष्ठ लेखक एवं
स्वतंत्र टिप्पणीकार

**वर्तमान सत्ता**

**नई दिल्ली।** घरेलू हिंसा या फिर महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को लेकर न सिर्फ अक्सर बातें होती हैं बल्कि कठोर कानून भी बने हैं, बावजूद इसके इनमें कोई कमी नहीं दिखती। लेकिन इस घरेलू हिंसा का एक पक्ष यह भी है कि घरेलू हिंसा के पीड़ितों में महिलाएं ही नहीं बल्कि पुरुष भी हैं लेकिन उनकी आवाज इतनी धीमी है कि वह न तो समाज को और न ही कानून को सुनाई पड़ती है। पारिवारिक मसलों को सुलझाने के मकसद से चलाए जा रहे तमाम परामर्श केंद्रों की मानें तो घरेलू हिंसा से संबंधित शिकायतों में करीब चालीस फीसद शिकायतें पुरुषों से संबंधित होती हैं यानी इनमें पुरुष घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं और उत्पीड़न करने वाली महिलाएं होती हैं। हाल ही में पुरुषों के साथ हो रही घरेलु हिंसा की घटना अखबारों की सुर्खियाँ बनी हुई है। यह घटना उत्तर प्रदेश के मेरठ की है। यहां पर मुस्कान नाम की महिला ने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ की हत्या कर दी। इसके बाद शव के कई टुकड़े करके नीले रंग के ड्रम में रखकर सीमेंट डाल दिया। पति का मर्डर करने के बाद मुस्कान ने लोगों को बताया कि उसका पति घूमने गया है। वारदात को अंजाम देने के बाद मुस्कान अपने प्रेमी साहिल के साथ हिमाचल प्रदेश के शिमला घूमने चले गई। यही नहीं मुस्कान अपने पति का फोन भी लेकर साथ गई और उसने उसके सोशल मीडिया अकाउंट पर हिमाचल के वीडियो भी डाले, ताकि लोगों को लगे कि सौरभ हिमाचल घूमने गया है। इस घटना के बाद तो ड्रम को लेकर महिलाओं ने ड्रम को अपनी धौंस देने का हथियार बना लिया है लेन लग गई है। कई जगह से समाचार आ रहे की पत्नियाँ अपने पति को इसी प्रकार मरने की धमकियां दे रही है। मेरठ से ही एक और ऐसा मामला सामने आया है जहां पति–पत्नी के झगड़े में पत्नी ने पति को ऐसी ही भयानक हत्या की धमकी दे डाली। शख्स की पत्नी ने उससे कहा कि अगर हरकतों से बाज नहीं आया तो वह उसके टुकड़े कर ड्रम में भर देगी। आरोप है कि पत्नी ने सोते समय पति के सर पर ईंट मारकर उसे घायल भी कर दिया था। घायल हालत में पति का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो मामला सामने आया है। गोंडा में पत्नी अपने पति को मेरठ हत्याकांड जैसी धमकी दे रही है। पति ने अवैध संबंधों का विरोध किया तो पत्नी ने सरेआम पीटा। धमकी दी– ज्यादा चूं–चपाट की तो गोंडा वाले सौरभ की तरह काटकर ड्रम में भर दूंगी। इतना ही नहीं, निर्माणाधीन मकान में रखे नीले रंग का ड्रम और सीमेंट की बोरियों को दिखाकर डराया भी।प्रताड़ित पति का एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में पत्नी अपने पति को घर के बाहर बीच सड़क वाइपर से पीटते हुए दिख रही है। मोहल्ले वाले पत्नी की करतूत को देख रहे हैं। इससे पहले भी दो बार पीड़ित पति की पिटाई हो चुकी है। कंकरखेड़ा में दंपती के बीच घरेलू बातों को लेकर हुए झगड़े में पति को धमकी दी कि अगर, हरकतों से बाज नहीं आया तो काटकर ड्रम में भर दूंगी। घायल पति थाने पहुंया और पुलिस को मामला बताया। पुलिस ने घायल का मेडिकल उपचार कराया । कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में दून हाईवे स्थित एक कॉलोनी निवासी युवक ने बताया कि वह मजदूरी करता है। पांच साल पहले उसकी शादी हुई थी। दंपती के दो बच्चे हैं। आरोप लगाया कि पत्नी आए दिन उसके साथ झगड़ा करती है। कई बार घर से खींचकर गली में झाड़ू तक से पीटा है। मोहल्ले के लोगों ने बीच बचाव कराया था।

बताया जाता है मेरठ में ड्रम कांड के बाद उन पतियों में भी खौफ का माहौल है, जिनकी पत्नियां शादी के बाद भी अपने बॉयफ्रेंड के साथ रिलेशन में हैं। ग्वालियर में ऐसे ही एक पति को अपनी हत्या का डर सता रहा है। इस युवक की पत्नी की चार बॉयफ्रेंड हैं। वह अपने पति को छोड़कर एक बॉयफ्रेंड के साथ रह रही है। ये बॉयफ्रेंड पति को हत्या की धमकी दे रहा है। जब पुलिस ने युवक की बात को गंभीरता से नहीं सुना तो वह फूलबाग चौराहे पर मुख्यमंत्री के नाम पोस्टर लेकर धरने पर बैठ गया।पीड़ित पति ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मदद की गुहार लगाई है। उसने आशंका जाहिर की है कि कहीं उसकी पत्नी पूजा भी मेरठ कांड की तरह उसे कटवाकर ड्रम में सीमेंट से न दबवा दे। ऐसे कई उदहारण है जिसमें पत्नियां पतियों के साथ मारपीट करती रहती है।




वैसे भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। ‘सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन’ और ‘माई नेशन’ नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसद से ज्यादा पति तीन साल की रिलेशनशिप में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। इस रिपोर्ट में यह भी गया है पुरुषों ने जब इस तरह की शिकायतें पुलिस में या फिर किसी अन्य प्लेटफॉर्म पर करनी चाही तो लोगों ने इस पर विश्वास नहीं किया और शिकायत करने वाले पुरुषों को हंसी का पात्र बना दिया गया।

लखनऊ में पीड़ित पुरुषों की समस्याओं पर काम करने वाली एक संस्था के संचालक देवेश कुमार बताते हैं कि लॉकडाउन के दौरान ऐसी समस्याओं के बारे में और ज्यादा जानकारी मिली थी क्योंकि इस दौरान ज्यादातर पति–पत्नी साथ रहे हैं। देवेश कुमार बताते हैं, ष्लोग कई तरह की समस्याएं लेकर आते थे । मसलन, एक युवक इस बात से परेशान था कि उसकी पत्नी के किसी अन्य व्यक्ति से अवैध संबंध थे। मना करने के बावजूद संबंध जारी रहे। लॉकडाउन के दौरान ही उसे ये बातें पता चलीं। दोनों में विवाद हुआ और लड़की के घर वालों ने युवक को यह कहते हुए धमकाया कि यदि उसने कुछ करने की कोशिश की तो दहेज प्रताड़ना के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया जाएगा।“ राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, देश में पुरुषों की आत्महत्या की दर महिलाओं की तुलना में दो गुने से भी ज्यादा है। इसके पीछे तमाम कारणों में पुरुषों का घरेलू हिंसा का शिकार होना भी बताया जाता है, जिसकी शिकायत वो किसी फोरम पर कर भी नहीं पाते हैं। हालांकि ऐसा नहीं है कि पुरुषों के खिलाफ हिंसा की किसी को जानकारी नहीं है या फिर इसके खिलाफ आवाज नहीं उठती है लेकिन यह आवाज एक तो उठती ही बहुत धीमी है और उसके बाद खामोश भी बहुत जल्दी हो जाती है। कुछ समय पहले यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। पुरुष आयोग की मांग के समर्थन में जो तर्क दिए जाते हैं, उनमें सबसे बड़ा तर्क यह है कि महिलाओं को सुरक्षा देने के जो कानून बने हैं, उनके दुरुपयोग से पुरुषों को प्रताड़ित किया जाता रहा है। इन कानूनों में दहेज कानून यानी धारा 498–ए सबसे प्रमुख है। सुप्रीम कोर्ट में वकील दिलीप कुमार दुबे कहते हैं, ष्अमेरिका के जिस कानून से प्रेरित होकर यह कानून बनाया गया, वह अमेरिकी कानून जेंडर निरपेक्ष है और उसमें पुरुषों की प्रताड़ना के मामले भी देखे जाते हैं। लेकिन हमारे यहां यह एकतरफा हो गया है। जबकि दहेज प्रताड़ना से संबंधित ज्यादातर मामले खुद अदालत की निगाह में गलत पाए गए हैं।“

करीब चार साल पहले घरेलू हिंसा या उत्पीड़न के शिकार पुरुषों की मदद के लिए एक स्वयंसेवी संस्था ने ‘सिफश नाम का एक ऐप बनाया था जिसके जरिए ऐसे पुरुष अपनी पीड़ा दर्ज करा सकते थे। ऐसे पुरुषों को यह संस्था कानूनी मदद भी दिलाती थी। संस्था के प्रमुख अमित कुमार कहते हैं कि इस ऐप के जरिए 25 राज्यों के 50 शहरों में 50 एनजीओ से कानूनी मदद के लिए संपर्क किया जा सकता है। उनका दावा है कि हेल्पलाइन जारी होने के 50 दिन के भीतर ही उन्हें 16,000 से ज्यादा फोन कॉल्स मिली थीं। अमित बताते हैं कि अब तक कई लोगों को कानूनी मदद दिलाई जा चुकी है और कई परिवारों की काउंसिलिंग कराकर उनकी समस्या को दूर किया गया है।

# शिक्षा पर सरकारी ‘दादागीरी’ सोनिया गांधी ने केंद्र को घेरा



**वर्तमान सत्ता**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने एक कड़वी सच्चाई को छुपा दिया है। सच्चाई यह है कि सरकार को भारत के बच्चों और युवाओं की शिक्षा की कोई परवाह नहीं है। पिछले दस सालों में केंद्र सरकार का रवैया बताता है कि शिक्षा के क्षेत्र में उसका ध्यान सिर्फ तीन चीजों पर है।

ये तीन चीजें हैं केंद्र सरकार के हाथों में ताकत का जमावड़ा, शिक्षा में निजी कंपनियों को बढ़ावा देने के साथ निवेश को आउटसोर्स करना और पाठ्यपुस्तकों, पाठ्यक्रम और संस्थानों में सांप्रदायिकता का जहर घोलना। सरकार शिक्षा को लेकर गंभीर नहीं है, और NEP 2020 के नाम पर अपनी नीतियों को थोप रही है।

सोनिया गांधी ने द हिंदू से बातचीत में आगे कहा कि पिछले 11 सालों में केंद्र सरकार हर चीज पर अपना नियंत्रण बढ़ाती जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में इसके बहुत बुरे नतीजे सामने आए हैं। केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड में केंद्र और राज्य सरकारों के शिक्षा मंत्री शामिल होते हैं। लेकिन सितंबर 2019 के बाद से इसकी एक भी बैठक नहीं हुई है। शिक्षा व्यवस्था पर चिंता जताते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि सरकार ने NEP 2020 के जरिए शिक्षा में इतना बड़ा बदलाव कर दिया, लेकिन उसने राज्य सरकारों से एक बार भी इस बारे में बात नहीं की। यह दिखाता है कि सरकार सिर्फ अपनी ही सुनना चाहती है, जबकि शिक्षा का विषय संविधान की समवर्ती सूची में आता है। इसका मतलब है कि इस पर केंद्र और राज्य दोनों सरकारें कानून बना सकती हैं। सोनिया गांधी ने कहा कि बातचीत की कमी के साथ–साथ सरकार का रवैया दादागीरी वाला है। सरकार ने राज्यों को PM-SHRI (पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) योजना को लागू करने के लिए मजबूर किया। इसके लिए सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान (SSA) के तहत मिलने वाले पैसे को रोक दिया। यह बहुत ही शर्मनाक काम किया गया। राज्यों को यह पैसे कई सालों से मिलने बाकी है। यह पैसे बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा (RTE) अधिनियम को लागू करने के लिए दिया जाता है। वही, RTE अधिनियम जो 2010 में लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि सरकार को दिखावा करने और प्रचार पाने की ज्यादा चिंता है। उसे संविधान में दिए गए शिक्षा के अधिकार की कोई परवाह नहीं है। यह संवैधानिक नैतिकता का खुला उल्लंघन है। यहां तक कि संसद की स्थायी समिति ने भी अपनी 363वीं रिपोर्ट में कहा है कि SSA का पैसा बिना शर्त राज्यों को दिया जाना चाहिए। सोनिया ने कहा कि उच्च शिक्षा में भी सरकार मनमानी कर रही है। सरकार ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों में बदलाव करके राज्य सरकारों के अधिकार छीन लिए हैं। अब राज्य सरकारें अपने विश्वविद्यालयों में वाइस–चांसलर की नियुक्ति नहीं कर पाएंगी। विश्वविद्यालयों को लेकर बात करते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्यपालों के जरिए विश्वविद्यालयों के वाइस–चांसलर चुनने का अधिकार अपने हाथ में ले लिया है। राज्यपाल आमतौर पर विश्वविद्यालयों के चांसलर होते हैं। यह एक तरह से पीछे के दरवाजे से संविधान की समवर्ती सूची में शामिल विषय को पूरी तरह से केंद्र सरकार के अधीन करने की कोशिश है। यह हमारे देश के संघीय ढांचे के लिए बहुत बड़ा खतरा है।

**नियमों को बदलने की कोशिश जारी**

उन्होंने कहा, 'RTE अधिनियम में यह सुनिश्चित किया गया था कि हर बच्चे को प्राथमिक शिक्षा मिल सके। इसके लिए नियम था कि हर मोहल्ले में एक किलोमीटर के दायरे में एक प्राइमरी स्कूल (कक्षा I-V) होना चाहिए और तीन किलोमीटर के दायरे में एक अपर प्राइमरी स्कूल (कक्षा VI-VIII) होना चाहिए। लेकिन NEP में RTE का जिक्र तक नहीं है। NEP स्कूल कॉम्प्लेक्स बनाकर इन नियमों को बदलने की कोशिश कर रही है। सोनिया गांधी ने कहा कि स्कूल कॉम्प्लेक्स के नाम पर सरकार बड़े पैमाने पर सरकारी स्कूलों को बंद कर रही है। और प्राइवेट स्कूलों को बढ़ावा दे रही है। 2014 से अब तक देश में 89,441 सरकारी स्कूल बंद हो चुके हैं। और 42,944 नए प्राइवेट स्कूल खुल गए हैं। गरीब लोगों को सरकारी स्कूलों से निकालकर महंगे और बिना नियमों वाले प्राइवेट स्कूलों में जाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में भी सरकार ने यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन की जगह हायर एजुकेशन फाइनेंसिंग एजेंसी को ला दिया है। अब विश्वविद्यालयों को HEFA से बाजार ब्याज दरों पर लोन लेने के लिए कहा जा रहा है। और फिर उन्हें अपने ही पैसे से लोन चुकाना होगा।

# मैं व्लादिमीर पुतिन से नाराज हूं : डोनाल्ड ट्रंप



**नई दिल्ली, वर्तमान सत्ता।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से नाराज हैं। ट्रंप ने धमकी दी है कि अगर पुतिन यूक्रेन के साथ युद्ध खत्म करने पर सहयोग नहीं देते हैं तो वे रूसी तेल पर अतिरिक्त टैरिफ लगाएंगे। ट्रंप ने कहा कि जब पुतिन ने जेलेंस्की की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना शुरू किया तो मैं बहुत नाराज हुआ, क्योंकि यह सही दिशा में नहीं हो रहा था। मीट द प्रेस की होस्ट वेल्कर के साथ इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि रूस यूक्रेन में नया नेतृत्व चाहता है। मगर नए नेतृत्व का मतलब यह है कि आप लंबे समय तक कोई समझौता नहीं कर पाएंगे।

सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने धमकी दी है कि समझौता नहीं होने पर रूस पर द्वितीयक टैरिफ लगाई जा सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अगर रूस और मैं यूक्रेन में रक्तपात रोकने के लिए कोई समझौता करने में असमर्थ हैं। अगर मुझे लगता है कि यह रूस की गलती की वजह से हुआ है तो मैं रूस से आने वाले सभी तेल पर द्वितीयक टैरिफ लगाऊंगा। जब उनसे पूछा गया कि अगर रूस ने सही काम किया तो क्या आप पुतिन से बात करेंगे? ट्रंप ने हां में जवाब दिया। ट्रंप ने होस्ट वेल्कर को बताया कि पुतिन को पता है कि मैं नाराज हूं। 25 फीसदी टैरिफ का एलान किसी भी वक्त हो सकता है। मैं इस हफ्ते पुतिन से बात करने की योजना बना रहा हूं। ट्रंप के बयान पर अभी तक रूस ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। मगर वह पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों को कई बार अवैध करार चुका है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सुझाव दिया कि संयुक्त राष्ट्र की देखरेख में यूक्रेन में एक नया अस्थायी प्रशासन पेश किया जाना चाहिए। हालांकि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने तुरंत रूस के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। रूसी अधिकारी बार–बार जेलेंस्की की वैधता पर सवाल उठाते रहे हैं। रूस का कहना है कि जेलेंस्की का कार्यकाल खत्म हो चुका है। अभी तक कोई चुनाव नहीं कराया गया है।

## भारत और चीन पर पड़ सकता असर

कुछ दिन पहले ट्रंप ने वेनेजुएला से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर अमेरिकी आयात पर 25 फीसदी टैरिफ का एलान किया था। अब रूस से तेल खरीदने वाले देशों के साथ भी ऐसा ही एक्शन लेने की तैयारी है। अगर ट्रंप ने रूसी तेल पर टैरिफ की घोषणा की तो सबसे अधिक भारत और चीन के हितों को झटका लग सकता है। भारत मौजूदा समय में रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है।

## भूकंम्प से दुनिया को गंभीर संकेत

# म्यांमार, थाईलैंड में दु:खद हाहाकार



संजीव ठाकुर,
स्तंभकार, चिंतक,
लेखक, रायपुर
छत्तीसगढ़

**वर्तमान सत्ता**

**नई दिल्ली।** म्यांमार, थाईलैंड में भूकंप, प्रकृति से खिलवाड़ का क्रूरतम प्रतिफल ही है। हजारों की इहलीला खत्म हुई है संपत्ति का नुकसान अलग हुआ है, लोगबाग बेखर हो चुकें हैं चारो तरफ तबाही का परचम फैल चुका है। जिस तरह इन देशों में प्रकृति का संतुलन बिगड़ा है और बेतरतीब वनों की कटाई, पानी का दुरउपयोग और बड़ी बड़ी अट्टालिकाओं के निर्माण ने प्रकृति को ललकारा है नतीजे के तौर 4,1 रिक्टर का भूकंप भारी जानमाल की तबाही लेकर आया है।भूकंप के झटके भारत, चीन, इंडोनेशिया, बर्मा आदि में भी महसूस हुए हैं। हमें अब सावधान हो जाना चाहिए, प्रकृति से बेजा खिलवाड़ बंद करना होगा,वर्ना भयावह नतीजे सामने हैं हीं। हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीती बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनीयों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई–मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं। नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा। भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ–साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ–सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी।

दैनिक वर्तमान सत्ता

# गाजियाबाद

## बदमाशों ने दो महिलाओं को बनाया निशाना

**गाजियाबाद वर्तमान सत्ता।** मोदीनगर के सीकरी खुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर में बदमाशों ने दो महिलाओं को निशाना बनाया। बदमाश एक महिला से सोने की चेन और दूसरी से पर्स छीनकर फरार हो गए। पहली घटना में मुरादनगर की ब्रजविहार कॉलोनी की रहने वाली अनु देवी मंदिर में प्रसाद चढ़ाने आई थीं। मंदिर के मुख्य द्वार पर पहुंचते ही बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली। दूसरी वारदात में श्रीनगर कॉलोनी की मालती देवी का पर्स छीना गया। पर्स में दो मोबाइल फोन और 600 रुपए थे। महिलाओं के शोर मचाने पर मौके पर मौजूद लोगों ने बदमाशों का पीछा किया, लेकिन वे भागने में सफल रहे। दोनों पीड़ित महिलाओं ने पुलिस में शिकायत की है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि मेले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

## डीएम ने किया श्री महामाया देवी मंदिर का निरीक्षण



**वर्तमान सत्ता**

**गाजियाबाद।** हर वर्ष चैत्र नवरात्रि में जिले के मोदीनगर स्थित श्री महामाया देवी मंदिर में सीकरी मेले का आयोजन किया जाता है। यह मेला करीब 400 वर्षों से लगता आ रहा है। इस मेले में राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा सहित देश के अन्य राज्यों से लाखों की संख्या में लोग आते हैं। जिलाधिकारी ने मेले की तैयारी के संबंध में अधिकारियों के साथ मेला परिसर का निरीक्षण करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने इस मौके पर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि भक्तोंध्श्रृद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं के पुख्ते इंतजाम किए जाएं। इस मौके पर जिलाधिकारी महोदय ने प्राचीन श्री महामाया देवी मंदिर में पूजा–अर्चना भी की। निरीक्षण के दौरान ईओ मोदीनगर, तहसीलदार सहित अन्य प्रशासनिकध्पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिला से चेन झपटकर भागने वाले लुटेरे को

# पुलिस ने किया लंगड़ा

### साहिबाबाद और सिहानीगेट में लूट सहित सात मुकदमे दर्ज हैं



**वर्तमान सत्ता**

**गाजियाबाद।** जिले में लुटेरों पर पुलिस कहर बनकर टूट रही है, हर रोज एक ना एक बदमाश को पुलिस मुठभेड़ में पकड़ रही है। ताजा उदहारण यही है कि नंदग्राम पुलिस ने राजनगर एक्सटेंशन सोसायटी निवासी महिला प्रियंका त्यागी के गले से सोने की चेन झपटकर भागने वाले लुटेरे हसन को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की गोली लगने से हसन घायल हो गया है। गिरफ्तार लुटेरे से लूटी गई सोने की चेन, तमंचा और प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली गई है।

एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि सोमवार की दोपहर परिवर्तन स्कूल के सामने वाहनों की चेकिंग कर रही पुलिस को संदिग्ध बाइक सवार आता नजर आया। उसे रोकने का इशारा किया तो वह मोरटी तिराहे की ओर भागने लगा। ऊबड़ खाबड़ रास्ते पर बदमाश की बाइक फिसल गई और गिर गया। टीम ने सरेंडर करने को कहा तो बदमाश ने टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम हसन निवासी गुलशन कालोनी बंबा रोड मुरादनगर बताया है।

पुलिस ने बताया कि हसन ने गौर कास्केड सोसायटी निवासी प्रियंका त्यागी से हसन ने ही सोने की चेन छपटी थी। पुलिस ने लूटी गई सोने की चेन, तमंचा, कारतूस और घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली है। एसीपी ने बताया कि हसन पर इंद्रापुरम में जानलेवा हमला, अवैध असलाह और साहिबाबाद और सिहानीगेट में लूट सहित सात मुकदमे दर्ज हैं।

**बदमाश ने घर में सो रही महिला से तमंचे के बल पर कुंडल लूटे**

उधर मोदीनगर भोजपुर के गांव नंगलाबेर में बदमाश ने घर में सो रही महिला जगरोशनी से तमंचे के बल पर कुंडल लूट लिए। जगरोशनी ने विरोध किया तो बदमाश ने जबरन उनके कानों से कुंडल खींच लिए। इससे जगरोशनी के दोनों कानों में चोट आई है। उन्हें उपचार के लिए अस्तपाल भेजा गया। बदमाश घर के मंदिर में रखी साढ़े पांच हजार की नकदी और अन्य कीमती सामान भी साथ ले गया। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद है। घटना चार दिन पुरानी है। पुलिस ने सोमवार को घटना की रिपोर्ट दर्ज की है। गांव नंगलाबेर निवासी जगरोशनी ने बताया कि बीते बृहस्पतिवार को वह अपने आंगन में सो रही थी। उनकी मां शकुंतला और बेटा धर्मेन्द्र कमरे में सो रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान एक बदमाश कुंडी खोलकर घर में दाखिल हुआ और घर खंगाल डाला। इसके बाद बदमाश जगरोशनी के कानों से कुंडल खीचने लगा। इससे जगरोशनी की नींद खुल गई और उन्होंने विरोध किया। बदमाश ने जगरोशनी की गर्दन पर तमंचा रख दिया और कानों से कुंडल खींच लिए। इससे जगरोशनी के दोनों कान फट गए।

शोर होने पर बदमाश वहां से भाग गया। कुंडल के अलावा बदमाश मंदिर की नकदी और कानों के टॉप्स भी साथ ले गया। जगरोशनी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, उनके कानों में दस टांके लगे हैं। जगरोशनी ने बताया कि बदमाश के दो साथी बाहर निगरानी कर रहे थे। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि जगरोशनी ने घटना के बाद तहरीर नहीं दी थी। सोमवार को उन्होंने घटना की तहरीर दी, जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। सीसीटीवी फुटेज आदि के माध्यम से बदमाश की पहचान की जा रही है।

## अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया




**वर्तमान सत्ता**

**ग्रेटर नोएडा।** भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड भारत गैस , लोनी द्वारा अवॉर्ड सेरेमनी का कार्यक्रम होटल क्राउन प्लाजा, ग्रेटर नोएडा में भव्यता के साथ आयोजित किया गया जिसमें जिंदल गैस एजेंसी,मुरादनगर के मालिक श्री विनोद कुमार जिंदल को गाजियाबाद सेल्स एरिया का बेस्ट डिस्ट्रीब्यूटर अवार्ड और कमर्शियल गैस की अधिक बिक्री करने पर उत्तरी भारत के भारत गैस हेड प्रबंधक श्री राजेश कुम्भरे जी ,उत्तर प्रदेश के भारत गैस स्टेट हेड प्रबंधक श्री राजेश जी, लोनी भारत गैस प्लांट टेरिटरी प्रबंधक श्री सुरेंद्र डोगरा जी,गाजियाबाद सेल्स एरिया श्रीमती कंकना भट्टाचार्य जी के द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करके उत्साहित किया गया।कार्यक्रम में लगभग 220 डिस्ट्रीब्यूटर वितरक शामिल हुए।अन्य वितरकों को भी जिन्होंने अपने सेल्स एरिया में जिस हिसाब से कार्य किया उनको भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।क्षेत्रीय प्रबंधक श्री कुम्भरे जी ने बताया कि कंपनी 175000 करोड रुपए से ज्यादा लगाकर कंपनी का विस्तार विभिन्न सुविधाओं में पूरे भारत में करने जा रही है जिसके द्वारा उपभोक्ताओं को बहुत से फायदे होंगे। मंच संचालन श्री राशिद जी,कुमारी प्रिया जी ने बहुत ही सुंदर तरीके से किया प्लांट मैनेजर श्री शिव कुमार जी ने सभी को धन्यवाद दिया।

भव्य कार्यक्रम में श्री शालीन सूद जी उत्तर प्रदेश के भारत गैस के कमर्शियल हेड,प्रदीप वर्मा जी क्षेत्रीय मार्केटिंग प्रबंधक के साथ सभी सेल्स एरिया के सेल्स प्रबंधक उपस्थित रहे और बड़े उत्साह से कार्यक्रम किया गया। तरह–तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत भी किए गए। इसमें भारत वर्ष की परंपराओं को भी निभाया गया। सभी वितरकों को शॉल पहना कर और पुष्प देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवम जिन्दल , हिमांशु जिंदल, मुक्तिका जिंदल, धैर्य अग्रवाल, नेहा जिंदल , ऊषा चौधरी, अरविंद शर्मा ,राजकुमार शर्मा जी व लोनी भारत गैस स्टाफ आदि के साथ काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## महापौर ने सरकारी योजनाओं के पत्रक बांटे



**वर्तमान सत्ता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महापौर सुनीता दयाल ने नेहरू नगर में घर–घर जाकर सरकारी योजनाओं के पत्रक वितरित किए। उन्होंने कहा कि ये 8 वर्ष गरीबों, युवाओं, अन्नदाताओं और नारियों के लिए समर्पित रहे हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी कार्यकर्ताओं की है। महापौर ने वार्ड–96, जीडीए मार्केट ए–ब्लॉक, नेहरू नगर में राजनगर मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी और वार्ड पार्षद अजीत निगम के साथ घर–घर जाकर पत्रक वितरित किए।

इस दौरान उन्होंने बताया कि पत्रक में गरीब कल्याण, रोजगार, सशक्त युवा, समृद्ध प्रदेश, किसान कल्याण और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की पूरी जानकारी दी गई है।

महापौर ने कहा कि सरकार की योजनाओं को रेहड़ी–पटरी, ठेला चालक, दुकानदार, गरीब और किसानों तक पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इसी क्रम में ए–ब्लॉक में रह रहे नागरिकों, दुकानदारों और छोटे व्यापारियों को पत्रक वितरित किए गए। महापौर ने बताया कि प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिलेभर में पत्रक वितरण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। पार्षद अपने–अपने वार्डों में घर–घर जाकर पत्रक वितरित करेंगे और सरकार की योजनाओं के लाभों की जानकारी देंगे।

# जीडीए क्षेत्र में घर बनान हुआ महंगा




**वर्तमान सत्ता**

**गाजियाबाद।** अगर आप जीडीए क्षेत्र में अपना घर बनाने की योजना बना रहे हैं, तो अब आपको ज्यादा पैसे खर्च करने होंगे। जीडीए से ग्रुप हाउसिंग, कमर्शियल बिल्डिंग और अन्य निर्माण कार्यों के लिए नक्शा पास कराना अब महंगा होने जा रहा है। नए वित्तीय वर्ष में शासन के निर्देशानुसार जीडीए अपने शुल्कों में लगभग 5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने जा रहा है। इससे भूखंड पर मकान बनाने की लागत में वृद्धि होगी और आम जनता पर इसका सीधा असर पड़ेगा। गाजियाबाद में मकान निर्माण के लिए जीडीए की मंजूरी जरूरी होती है। इसके लिए प्राधिकरण विभिन्न शुल्क वसूलता है, जिसमें मानचित्र स्वीकृति शुल्क, विकास शुल्क और अन्य टैक्स शामिल होते हैं। इस बार शासन ने निर्देश दिया है कि इन शुल्कों में 5त्न तक की वृद्धि की जाए। हालांकि, अभी तक इसका औपचारिक कार्यालय आदेश जारी नहीं हुआ है, लेकिन माना जा रहा है कि इस हफ्ते के भीतर ही आदेश लागू हो जाएगा। इस शुल्क वृद्धि का प्रभाव आम जनता पर पड़ेगा, जो अपने भूखंड पर घर बनाने की योजना बना रही है। उदाहरण के तौर पर, अगर किसी नक्शे को पास कराने के लिए पहले 100 रुपये शुल्क देना पड़ता था, तो अब यह बढ़कर 105 रुपये हो जाएगा। इसी तरह, बड़े भूखंडों और ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट्स में यह वृद्धि लाखों में पहुंच सकती है।

जीडीए के अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) शासन के निर्देशानुसार मानचित्र स्वीकृति शुल्क में नियमानुसार बढ़ोतरी करने जा रहा है। यह वृद्धि लगभग 5 प्रतिशत तक होगी, जो कि तय नियमों के तहत लागू की जा रही है। इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य शहर के समग्र विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन जुटाना है। शुल्क वृद्धि के संबंध में जल्द ही कार्यालय आदेश जारी किया जाएगा, जिसके बाद नई दरें प्रभावी हो जाएंगी।

## माता के जयकारों से गूंजे जिले के मंदिर



**वर्तमान सत्ता**

**गाजियाबाद।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के प्रमुख मंदिरों में भक्ति और आस्था का दिव्य माहौल बना हुआ है। श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के सानिध्य में भव्य आयोजन किए जा रहे हैं। नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा–अर्चना की गई। देवी दुर्गा के इस द्वितीय स्वरूप की उपासना से भक्तों को संयम, तपस्या और शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त होता है। श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय मंत्री महंत गिरिशानंद गिरि जी महाराज ने बताया कि नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में प्रतिदिन मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की आराधना का विशेष महत्व होता है। गाजियाबाद के प्रमुख मंदिरों, जैसे दृ दिल्ली गेट देवी मंदिर, दूधेश्वरनाथ मंदिर, डासना देवी मंदिर, ठाकुरद्वारा, नेहरू नगर स्थित शिव मंदिर, मोहननगर मंदिर व घंटाघर स्थित गुफावाले मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। मंदिरों को रंग–बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने कलश स्थापना, जौ बोने और व्रत का पालन करते हुए मां दुर्गा की आराधना की। भक्तों ने मिट्टी का कलश, जौ, गंगाजल, पुष्प, मिष्ठान, फल, रोली, चावल, कलावा आदि की खरीदारी की और मंदिरों में पूजा–अर्चना की। मंदिरों में संत–महात्माओं और आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चारण और हवन–यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महंत विजय गिरी जी महाराज ने बताया कि इस बार मां भगवती हाथी पर सवार होकर आई हैं, जो कि देश के लिए शुभ संकेत माना जाता है। इस अवसर पर महंत गिरिशानंद गिरि जी, महंत विजय गिरी जी, श्रीमहंत गिरजानंद गिरी जी महाराज, शास्त्री शुभम, सतवीर चौधरी, विजय गुप्ता सहित सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। नवरात्रि के इन पावन दिनों में श्रद्धालुओं का अपार उत्साह देखने को मिल रहा है। भक्तों ने मां दुर्गा की आराधना कर सुख–समृद्धि और शांति की कामना की। मंदिरों में भक्तों के लिए भजन–कीर्तन, हवन, भंडारे और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं।

नवरात्रि के दूसरे और तीसरे दिन मां जगदंबा के स्वागत के लिए शहर में भक्ति का माहौल चरम पर है। मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें, भजन–कीर्तन और विशेष पूजा–अर्चना से पूरा गाजियाबाद जय माता दी के नारों से गूंज रहा है।

## राजनगर मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी और जिला प्रतिनिधि

# विनीत शर्मा का प्राणगढ़ी में हुआ भव्य स्वागत





**वर्तमान सत्ता**

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले में अपने संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए महानगर व जिला अध्यक्ष के साथ लगभग सभी मंडल अध्यक्ष घोषित कर दिए हैं। इस बार मंडल अध्यक्ष के साथ जिला प्रतिनिधियों की भी घोषणा की गई थी, जिसके अंतर्गत भाजपा द्वारा राजनगर मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी और जिला प्रतिनिधि विनीत शर्मा को बनाया गया था। घोषणा के पश्चात मालीवाड़ा प्राणगढ़ी के निवासियों द्वारा सैंकड़ों की संख्या में युवा नेता आकाश ठाकुर के नेतृत्व में नवनियुक्त मंडल अतिथियों का पटका व माला के साथ पगड़ी बाँधकर भव्य स्वागत तथा अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला प्रतिनिधि ने सभी से भाजपा से जुड़ कर मजबूत करने के लिए आव्हान किया, उन्होंने कहा भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व मे लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है, विदेश में रहने वाले भारतीय आज स्वाभिमान से चल रहे है, देश की सीमाएं सुरक्षित हैं प्रत्येक क्षेत्र में देश प्रगति कर रहा है आज सरकार हर वर्ग के विकास में प्रयत्नशील है, मंडल अध्यक्ष ने कहा भारतीय संस्कृति सभ्यता और सनातन संस्कृति इसी सरकार में सुरक्षित है इसलिए आप अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर भाजपा को मजबूत करे, हमारी पार्टी हर कार्यकर्ता को सम्मान देती है कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में स्थानीय पार्षद राजेंद्र तितोरिया का भी स्थानीय नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया उन्होंने कहा में अपने वार्ड के प्रत्येक नागरिक के सुख दुख का साथी हु, ओ बी सी मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सौरभ जयसवाल ने इस अवसर पर शानदार कार्यक्रम व भव्य स्वागत के लिए एकजुट हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम में भाजपा संगठन के विस्तार के साथ–साथ पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को धरातल पर मजबूती के साथ उतारने पर चर्चा की। इस दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा राजनगर मंडल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि से पार्टी के पक्ष में मजबूती से जुटकर मोदी–योगी जी की नीतियों को जन–जन तक पहुँचाने का वायदा किया और पार्टी के सभी आदेशों को मंडल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पूरा करने का विश्वाश दिलाया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल उपाध्यक्ष अनुज राघव, युवा नेता आकाश ठाकुर, रोहित गौतम, सतीश गौतम, जितेंद्र गौतम, रोहित कुमार, अरविंद यादव, हरीश राजौरा मुकेश यादव, रवि ठाकुर, चेतन सिंह, राहुल राठौर, मयक सिंह, जतिन गौतम, भुवन कुमार, वरदान सिंह, देवेन्द्र यादव, कल्लु बाबा, अशोक कुमार, अनुज गौतम, अमित प्रजापति, सचिन गौतम, मोहित, मानपाल सिंह, राहुल यादव, अतुल कुमार, कुलदीप, गौरव, अंकुर, नितिन, भोला, शिवम राघव, हनी चौधरी संजू सिंह, किशोर कुमार, जय सिंह जाटव, मामचंद श्रीचंद चौहान, ओमप्रकाश, विशाल कुमार विशाल कुमार समेत स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

दैनिक वर्तमान सत्ता

01 अप्रैल 2025

# पश्चिम उत्तर प्रदेश

## भाजपा नेता की दुकान में नगदी चोरी

**हापुड़ जितेन्द्र कुमार वर्तमान सत्ता।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भड्डापट्टी सिकंदरगेट निवासी भाजपा नेता राशिद अली की दुकान से चोर 67 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ले गए। चोरी की घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। भाजपा नेता की तहरीर पर पुलिस ने चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। राशिद अली ने बताया कि वह भाजपा हापुड़ दक्षिण मंडल अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष पद हैं। 28 मार्च की दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे वह अपने पशुओं के लिए चारा व खलचूरी लेने के लिए दुकान पर गए थे। इसके बाद वह सिकंदरगेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम चौक पर जुमे की नमाज पढ़ने के लिए चले गए थे। दोपहर लगभग सवा बजे के आसपास वह दुकान पर पहुंचे तो उन्होंने दुकान का रुपये से भरा गल्ला यहां से गायब था।

## एक्सप्रेसवे पर आज से होगी जेब ढीली, टोल टैक्स की बढ़ी दरें



**वर्तमान सत्ता**

**मेरठ।** मेरठ से दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे होते हुए गाजियाबाद जाने वाले वाहन चालकों के लिए सोमवार रात 12 बजे से टोल टैक्स बढ़ गया है। मेरठ से सराय काले खां तक जाने वाले कार चालकों को काशी (परतापुर) टोल प्लाजा पर 165 रुपये के बजाय अब 170 रुपये शुल्क हो गया है। 24 घंटे में दोनों तरफ का शुल्क 250 रुपये के स्थान पर 255 रुपये हो गया है। बस–ट्रक के टोल में 10 रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है। अलग–अलग वाहन श्रेणी के लिए अलग–अलग दरें तय की गई हैं।

काशी टोल प्रभारी भूपेश त्यागी ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के आदेश के अनुपालन में सोमवार की रात 12 बजे से इस मार्ग पर टोल की दरें बढ़ गई हैं। एनएचएआई ने एक अप्रैल से दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेसवे पर टोल शुल्क में 5 से 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने के लिए प्रस्ताव भेजा था। मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू कर दिया गया है।

एक्सप्रेस–वे पर फिलहाल टोल शुल्क 2.19 रुपये प्रति किलोमीटर है। संशोधित टोल दरों का प्रस्ताव एनएचएआई की परियोजना कार्यान्वयन इकाई (पीआइयू) द्वारा 25 मार्च को दिया गया था। 2022 में टोल टैक्स सीमा में 10 से 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी, जिससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाली सभी प्रकार की कारों के लिए टैरिफ शुल्क में 10 रुपये से 60 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई थी। इस बार यह बढ़ोत्तरी 5 से 10 प्रतिशत है।

**दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेसवे पर बढ़ा है ये शुल्क**

कार और जीप के दिल्ली से मेरठ तक के लिए अब शुल्क 170 रुपये हो गया है। हल्के वाणिज्यिक वाहनों का टोल शुल्क 275 रुपये हो गया है। बस और ट्रक का टोल शुल्क अब 580 रुपये हो गया है।

## पति का अपनी भाभी से अवैध संबंध

### थाने पहुंचकर पत्नी ने सुनाई आपबीती, पुलिस भी रह गई हैरान

**वर्तमान सत्ता**

**मेरठ।** पति का अपनी भाभी से अवैध संबंध है। यह बात पूरे परिवार में जगजाहिर है। एक बार दोनों को गलत हरकत करते हुए भी देख लिया था। विरोध किया तो पति ने अपनी पत्नी को पीटा। ससुराल वाले भी पति का ही साथ दे रहे हैं। यह बातें एक महिला ने कंकरखेड़ा थाने में पुलिस से शिकायत करते हुए बताईं। उसने पति और जेठानी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार गाजियाबाद में नई बस्ती निवासी रीना ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी पांच साल पहले कंकरखेड़ा में शोभापुर के पास स्थित कॉलोनी निवासी युवक से हुई थी। युवक एक फैक्ट्री में कर्मचारी है। दंपति के दो बच्चे हैं। आरोप है कि पति शादी के बाद से ही रीना को परेशान करने लगा। छोटी–छोटी बातों पर गाली गलौज करते हुए मारपीट करता। पीड़ित रीना ने यह बात अपने मायके वालों को भी बताई। दोनों पक्षों के बीच दो बार पंचायत भी हुई। उसके बाद भी पति नहीं सुधरा। रीना का आरोप है कि एक दिन उसने अपने पति को जेठानी के कमरे में गलत काम करते हुए देख लिया। इस बात का विरोध रीना ने किया।



इसके बाद पति ने रीना को बेल्ट से पीटा, जिसकी शिकायत रीना ने अपने सास ससुर और अन्य रिश्तेदारों से की। आरोप है कि ससुराल वालों ने पति का ही साथ दिया और रीना को शांत रहने की नसीहत दी। रीना ने फोन कर पूरे मामले की जानकारी अपने मायके वालों को दी। इसके बाद पीड़ित थाने पहुंची और पुलिस को मामला बताया। इंस्पेक्टर विनय कुमार का कहना है कि अभी तहरीर नहीं मिली है। घरेलू झगड़ा है। तहरीर के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

**दहेज में एक लाख रुपये और कार न देने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला**

शादी में दस लाख रुपये और आइ–20 कार न देने पर विवाहिता को पीटकर ससुराल से निकाल दिया। ससुराल और मायके पक्ष के लोगों के बीच पंचायत भी हुई, मगर नतीजा शून्य रहा। जिसके बाद पीड़िता ने कंकरखेड़ा थाने में अपने पति समेत छह ससुरालियों के खिलाफ 29 मार्च को केस दर्ज कराया। पुलिस जांच में जुटी है। कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में गांव पावली खास निवासी सोनिया उर्फ अमृता ने केस दर्ज में बताया कि उसकी शादी 8 मार्च 2024 को देहली गेट थाना क्षेत्र में सराय लाल दास निवासी अमन से हुईठ थी। अमन प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। पीड़िता सोनिया का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति समेत उसके ससुराल वाले कम दहेज लाने का ताना देकर प्रताड़ित करने लगे। बाद में दस लाख रुपये और एक कार की मांग करने लगे। आरोप है कि ससुराल वालों ने गला घोंटकर मारने का प्रयास किया। उसके बाद सूचना पर मायके पक्ष के लोग बेटी की ससुराल पहुंचे और उसे लेकर पुलिस चौकी ले गए। पीड़िता ने महिला सिपाही को अपनी चोट के निशान भी दिखाए, मगर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। तब ससुराल वाले किसी तरह सोनिया का अपने साथ घर ले गए। उसके थोड़े दिन बाद सोनिया को फिर से परेशान करने लगे। विरोध करने पर उसे पीटा और ससुराल से निकाल दिया। 20 मार्च को पीड़िता सोनिया की तहरीर पर कंकरखेड़ा थाने में पति अमन, ससुर अशोक कुमार, सास सुमन, देवर आकाश और अभिषेक व ननंद प्रियंका पत्नी महेश निवासी गड़ीना, फलावदा के खिलाफ केस दर्ज हुआ। इंस्पेक्टर विनय कुमार का कहना है कि पुलिस जांच के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

## दुष्कर्म के आरोपियों को पुलिस ने ने जेल भेजा

**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र के एक कस्बा निवासी किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता के पिता ने तहरीर में बताया कि उसकी बेटी दुकान पर समान लेने गई थी। इसी बीच आरोपियों ने उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर उसका अपहरण कर लिया। आरोपियों ने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने किशोरी को जान से मारने का भी प्रयास किया था। शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी किशोरी को छोड़कर फरार हो गए थे। पीड़िता ने होश में आने के बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने किशोरी का मेडिकल कराकर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी। थाना प्रभारी अजय शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने आरोपी राशिद व आमिर निवासी कस्बा खिवाई को हर्रा मोड से रविवार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दोनों को जेल भेज दिया।

## दो कारें आपस में भिड़ीं एक की मौत, 4 घायल



**वर्तमान सत्ता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे 9 पर सरस्वती अस्पताल के सामने सड़क पार कर रहे दो भाईयों को बचाने के चक्कर में हापुड़ की ओर से आ रहीं दो कारें आपस में भिड़ गईं। इस दौरान कारों की चपेट में आने से कृष्ण (50) निवासी गांव किशौली जिला बुलंदशहर की मौत हो गई। जबकि, कार में सवार एक महिला व बच्चे सहित चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात को बहाल कराया।

पुलिस के अनुसार सोमवार की दोपहर हापुड़ की तरफ से पिलखुवा की ओर एक कार तेज गति से आ रही थी। जैसे ही कार सरस्वती अस्पताल के सामने पहुंची तो अचानक से सामने सड़क पार कर रहे दो लोग आ गए। तेज गति होने के कारण कार चालक ने जब उन्हें बचाने का प्रयास किया तो कार दोनों को टक्कर मारते हुए आगे जा रही दूसरी कार से टकरा गई। घटना में बुलंदशहर निवासी कृष्ण और बिजेंद्र घायल हो गए। दोनों भाई यहां किसी कार्य से आए थे और सड़क पार कर वापस लौट रहे थे। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कृष्ण की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि, बिजेंद्र का उपचार चल रहा है। वहीं, कार में सवार गाजियाबाद निवासी शादिया, अनाया और अफसर भी घायल हो गए। उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के दौरान घर भेज दिया गया। वहीं, दोनों कार चालक कार को मौके पर ही छोड़कर भाग गए। सीओ अनीता चौहान का कहना है कि दोनों कार को कब्जे में लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। फिलहाल किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं आई है।

## दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई

**बागपत।** निवाडा गांव में ईद के दिन दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई। इस घटना में लाठी–डंडे और पत्थरबाजी में करीब 10 लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। मामला ताहिर और आशु पक्ष के बीच का है। ताहिर पक्ष का आरोप है कि आशु पक्ष के लोगों ने छेड़छाड़ की। इसके बाद कहासुनी हुई और मारपीट शुरू हो गई। दूसरी ओर, आशु पक्ष का कहना है कि यह विवाद बच्चों के बीच हुए झगड़े से शुरू हुआ। दोनों पक्षों के बीच हुई हिंसा में लाठी–डंडे और ईंट–पत्थर चले। घायलों को लोग खुद अपने हाथों में उठाकर कोतवाली से अस्पताल ले गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है।

## अवैध अस्पताल का खुलासा

**मेरठ।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक बड़ा मामला सामने आया है। पहलादनगर स्थित उज्जवल हॉस्पिटल में बिना किसी वैध रजिस्ट्रेशन और एनओसी के मरीजों का इलाज किया जा रहा है। सबसे गंभीर मामला यह है कि एक महिला मरीज का अमानवीय तरीके से ऑपरेशन किया गया। हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर शान और माजिद द्वारा नियमों की खुली अवहेलना की जा रही है।

## ईद की नमाज अदा करने के दौरान दो पक्षों में मारपीट

**सिंभावली, वर्तमान सत्ता।** क्षेत्र के गांव खागौई में ईदगाह पर ईद की नमाज अदा करने के दौरान दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। लेकिन, कुछ देर के बाद दोनों पक्षों के बीच थाने जाने के दौरान फिर से संघर्ष हो गया और दोनों ने एक दूसरे के साथ मारपीट करते हुए वाहनों में तोड़फोड़ कर डाली। पुलिस ने दोनों पक्षों के करीब छह लोगों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रधानी चुनाव की रंजिश को लेकर थाना क्षेत्र के गांव खागौई में ईद उल फितर की नमाज पढ़ने को लेकर ग्राम प्रधान और चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे उम्मीदवार पक्ष से कहासुनी हो गई। इस दौरान ईदगाह पर ही दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। ग्राम प्रधान राहिल पक्ष के आदिल, सरवर, वारिस और दूसरे पक्ष के शहजाद, मुबारिक,दानिश, आमिर खान घायल हो गए। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। ईदगाह पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा कर मामला शांत कराया। नमाज खत्म होने के बाद दोनों ही पक्ष थाने के लिए चल दिए। रास्ते में सिंभावली नहर पटरी पर फिर से दोनों पक्षों के लोगों के बीच विवाद होने के साथ ही मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षों ने एक दूसरे के वाहनों में तोड़फोड़ की। इस दौरान वहां से गुजर रहे लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के छह से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस मामले में सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

## बागपत जिले में शांतिपूर्ण रही ईद–उल–फितर

**वर्तमान सत्ता**

**बागपत।** जिले में सोमवार को ईद–उल–फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिले भर की ईदगाहों और मस्जिदों में सुबह के समय नमाज अदा की गई। इस दौरान कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे।

डीएम अस्मिता लाल और एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बागपत की ईदगाह का दौरा किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं। पुलिस ने ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखी। अकीदतमंदों ने ईदगाहों और मस्जिदों में देश की उन्नति और भाईचारे को बढ़ाने के लिए दुआएं मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक–दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। प्रशासन की सतर्कता और स्थानीय लोगों के सहयोग से त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने पथ संचलन निकाला



**वर्तमान सत्ता**

**सिंभावली।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नवसंवत्सर हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर सिंभावली में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा पथ संचलन निकाला गया और स्वयं सेवकों पर जगह–जगह पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत अभिनंदन हुआ इसमें पूर्ण गणेश धारी स्वयंसेवकों की उपस्थित रही

पथ संचलन सिंभावली किसान डिग्री कॉलेज से होते हुए मुख्य बाजार सिंभावली मिल गेट बक्सर से होते हुए मुख्य बाजार व किसान डिग्री कॉलेज मैं जलपान कराकर संपन्न हुआ। इस मौके पर डॉक्टर हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डाला वह उनके जीवन पर विस्तार से जानकारी दी इस। पंकज ने कहा कि हिन्दू धर्म शुरू से ही संघर्ष शील रहा है। वर्तमान है हम राष्ट्रीय स्वसेवक संघ की 100 वीं वर्षगांठ मना रहे है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शाखाओं के माध्यम से ज्ञानवान, निष्ठावान देश प्रेमी समाज की रचना कर रहा है। उन्होने कहा कि हमारा व्यवहार और व्यापार भारत माता को मजबूत करने वाला होना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य खंड काहरवा मनोज, मुख्य शिक्षक संदीप जी संपर्क प्रमुख नितिन, शिक्षक धर्मेंद्र, अर्जुन मावी, अवधेश, सैकड़ो स्वय, सेवक मौजूद है

## हिंदू युवा वाहिनी बागपत ने हिंदू नव वर्ष पर किया यज्ञ और विचार गोष्ठी का आयोजन




**वर्तमान सत्ता**

**बागपत, विवेक जैन।** बड़ौत नगर में स्थित हिंदू युवा वाहिनी जिला कार्यालय पर हिंदू युवा वाहिनी जनपद बागपत द्वारा हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में यज्ञ एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पधारे मुख्य वक्ता आचार्य धन कुमार शास्त्री ने कहा कि आज युवाओं को अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेकर समाज में कार्य करने की आवश्यकता है।

उन्होने कहा कि जब युवा समाज में निकलकर धर्म के लिए प्रचार–प्रसार करेगा तभी इस समाज को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष आयुष त्यागी ने हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीयों में हिंदुत्व के प्रति जोश भरते हुए कहा कि हमें जातियों में न बटकर एक होकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज का जो सपना है कि मातृभूमि तेरा वैभव अमर रहेगा मैं दिन चार रहूं ना रहूं। हम सभी को मिलकर उस सपने को पूरा करना है। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री केपी मलिक ने भी सभी कार्यकर्ताओं को हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में आशीर्वाद देने के लिए महामंडलेश्वर भैया दास जी महाराज ने अपना आर्शीवचन हिंदू युवा वाहिनी कार्यकर्ताओं को दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजीव तोमर ने की तथा कार्यक्रम का संचालन जिला प्रभारी आलोक शास्त्री ने किया।

कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, मोहित उपाध्याय, आकाश त्यागी, राजीव शर्मा, उपेंद्र चौहान, रविश मान, अर्पित त्यागी, गुलबहार सिंह, रूपेंद्र तोमर, राजीव तोमर, पारस चौहान, रजत चौहान, अतुल जैन, अनुज जैन, दीपांशु गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, मधु धामा, विजय वर्मा, प्रभात तोमर, रविंद्र आर्य, मनोज कटारिया, रवि कश्यप, जितेंद्र दत्त शर्मा सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## संजीव बने सम्भागीय परिवहन कर्मचारी संघ बागपत के अध्यक्ष



**वर्तमान सत्ता**

**बागपत विपुल जैन।** बागपत के सारथी हॉल में उत्तर प्रदेश सम्भागीय परिवहन कर्मचारी संघ शाखा बागपत का द्विवार्षिक निर्वाचन सम्पन्न हुआ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा बागपत के जिलाध्यक्ष व निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार ने संघ के सदस्यों से आपसी विचार–विमर्श कर निर्वाचन की घोषणा की। प्रमोद कुमार ने बताया कि सभी पदों पर एक–एक निर्वाचन आवेदन प्राप्त होने से सभी पदों पर निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न हुआ। निर्वाचन में सेवानिवृत्त चरणजीत को संरक्षक, प्रधान सहायक संजीव कुमार को अध्यक्ष, प्रधान सहायक सतेन्द्र कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वरिष्ठ सहायक दिलीप कुमार को मंत्री–सचिव, वरिष्ठ सहायक किशोर कुमार को कोषाध्यक्ष, प्रधान सहायक राजेन्द्र कुमार को निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन के उपरान्त सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन बागपत राघवेन्द्र सिंह ने निर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर अभिनन्दन किया और निर्वाचित सदस्यों को अपने कार्यालय कक्ष में शपथ दिलायी। निर्वाचित नवनियुक्त अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सम्भागीय परिवहन कर्मचारी संघ शाखा बागपत ने उनको जो जिम्मेदारी सौंपी है वह उसका पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पालन करेंगें और सभी को साथ लेकर चलेंगें। अन्तर्राष्ट्रीय अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन सहित जनपद बागपत की जानी–मानी हस्तियों ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## आतिशी ने कहा, भाजपा को सरकार नहीं चलाने आती

**नई दिल्ली वर्तमान सत्ता।** दिल्ली में रोज लग रहे पावर कट को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा को सरकार नहीं चलाने आती है। उनकी सरकार आते ही दिल्ली में घंटों बिजली जाने लगी है। ऐसा पहले 10 साल पहले हुआ करता था। उन्होंने कहा कि आप सरकार में दिल्ली की बिजली व्यवस्था बेहतर थी। उन्होंने कहा कि लोगों को फिर से इनवर्टर लगाने पड़ सकते हैं। दिल्ली में 10 साल पहले तक हर घर में इनवर्टर हुआ करते थे। इससे पहले 2014 की गर्मियों में आखिरी बार दिल्लीवालों ने 6 से 8 घंटे तक बिजली गायब देखी थी। दिल्ली में फरवरी 2015 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री बनकर दिल्ली में पावर सप्लाई को बेहतर बनाया। दिल्ली देश का इकलौता राज्य बन गया जो बिना पावर कट के 24 घंटे बिजली देता रहा है। यह केंद्र सरकार के आंकड़े बता रहे हैं। तीन फरवरी 2025 को केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा राज्यसभा में पेश नाटा बताता है कि दिल्ली में 24 घंटे बिजली आती है।

## हनुमानगढ़ी के प्रसिद्ध संत महंत राजू दास ने दिया विवादित बयान

**लखनऊ, वर्तमान सत्ता।** अयोध्या के हनुमानगढ़ी के प्रसिद्ध संत महंत राजू दास ने सुल्तानपुर में एक कार्यक्रम के दौरान विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि गाजी और पाजी का टाइम खत्म हो गया है, अब राष्ट्रवादियों का टाइम शुरू हुआ है। महंत ने कुशभवनपुर में लगने वाले मेले पर आपत्ति जताते हुए इसे ष्चोर, नीच, लुटेरे, बलात्कारी और राष्ट्रद्रोहीष लोगों का मेला करार दिया और शासन–प्रशासन से इसे प्रतिबंधित करने की मांग की। महंत राजू दास ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जो पूर्ववर्ती सरकारें इस मेले को लगाने की अनुमति देती थीं, अब इसे बैन करना चाहिए। यह सभी सनातनियों, हिंदुओं और भारतवासियों की मांग है। ऐसे आतंकवादियों और अपराधियों का मेला लगना, जिन्होंने लाखों मंदिर तोड़े हों, मां–बहनों की इज्जत लूटी हो और कत्लेआम किया हो, कतई ठीक नहीं है। उन्होंने प्रशासन के हालिया प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वहां रोक लगाई गई और मेला रुका भी। महंत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में बालोचियों के साथ कत्लेआम हो रहा है, मां–बेटियों के साथ बलात्कार हो रहा है, उन्हें गोली मार दी जा रही है। यह नाइंसाफी है। मानवाधिकार कहां चला गया? बालोचियों के साथ दुर्व्यवहार पर सब चुप क्यों हैं? उन्होंने सिंध को अलग देश बनाने की वकालत करते हुए कहा, ष्पाकिस्तान के तीन टुकड़े होने चाहिए। मैं प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से मांग करता हूं कि संयुक्त राष्ट्र में इस विषय को उठाया जाए और चर्चा हो।



वक्फ बोर्ड के मुद्दे पर महंत ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे बकवास बोर्ड और जमीन हड़पने का बोर्ड करार दिया। उन्होंने कहा, ष्देश सेक्युलर है, हिंदू हिंदुस्तान है। फिर भी यहां मुसलमान हैं। इस्लामिक कानून को बढ़ावा देना, वक्फ बोर्ड और मुसलमानों के अन्य कानून लागू करना ठीक नहीं है। जब एक देश, एक विधान, एक संविधान है और भारत को सेक्युलर बना दिया गया है, तो इस्लामिक कानून क्यों? उन्होंने मुस्लिम आबादी को लेकर भी सवाल उठाया, उनकी 40 करोड़ जनसंख्या हो गई है, फिर उन्हें अल्पसंख्यक क्यों कहा जा रहा है? यह बयान सुल्तानपुर के चौक में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान आया। जिला युवा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संयोजकत्व में भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ और चैत्र नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में यह आयोजन को हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महंत राजू दास ने मां दुर्गा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। महंत राजू दास अपने विवादित बयानों के लिए पहले भी सुर्खियों में रहे हैं। अयोध्या के हनुमानगढ़ी के प्रमुख पुजारी के रूप में उनकी पहचान सनातन धर्म और राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रबल समर्थक की रही है। उनके इस ताजा बयान से एक बार फिर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में बहस छिड़ने की संभावना है।

## देश की एकता के साथ खिलवाड़ करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दें : मौर्य

**लखनऊ, वर्तमान सत्ता।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राष्ट्रीय व सामाजिक एकता, मानवाधिकारों की रक्षा व सामाजिक न्याय सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली तीन हस्तियों को गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किया।

वर्ष 2023 के लिए लखनऊ के सरदार परविन्दर सिंह, वर्ष 2024 के लिए अंबेडकर नगर के धर्मवीर सिंह बग्गा व वर्ष 2025 के लिए लखनऊ की कीर्ति सिंह को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। उप मुख्यमंत्री ने इन्हें एक–एक लाख रुपये व प्रशस्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि देश की एकता व अखंडता की पहरेदारी करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कालीदास मार्ग पर राष्ट्रीय एकीकरण विभाग की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार अब प्रत्येक वर्ष 30 मार्च को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह का जीवन आज भी प्रेरणादायक है। हम सभी को उनके आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। राष्ट्र व समाज के प्रति हमारा समर्पण भाव स्पष्ट झलकना चाहिए। सबको सजग व सावधान रहते हुए देश की एकता के साथ खिलवाड़ करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना है। उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का उल्लेख करते हुए कहा योग को हम सबको अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की इस बार की थीम 'एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य के लिए योग' रखी गई है।




**सरदार परविन्दर सिंह:** गरीबों को निशुल्क विधिक सहायता, अल्पसंख्यक समुदाय के मध्य सद्भाव, सीएए व एआरसी के विरोध में शांति स्थापित कराने के लिए। तीन तलाक के मुद्दे पर हाईकोर्ट में पीआईएल (जनहित याचिका) दायर की थी।

**धर्मवीर सिंह बग्गा:** बीते 20 वर्षों से 1,000 से अधिक कन्यादान की सेवा की। कोविड के दौरान लावारिस शवों का अन्तिम संस्कार कराया। पांच लाख लीटर होम सैनिटाइजर तथा एक लाख शीशी हैंड सैनिटाइजर व पांच हजार मास्क वितरित किए। कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता फैला रहे हैं।

**कीर्ति सिंह:** निशुल्क रक्तदान, निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए। लावारिस शवों का अंतिम संस्कार का कार्य करने व पर्यावरण संरक्षण तथा विधिक परामर्श शिविर आयोजित करती हैं। मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय, राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सद्भाव के प्रति लोगों को जागरूक करती हैं।

### अखिलेश से माफी मांगने की मांग

भाजपा के प्रदेश महामंत्री और एमएलसी सुभाष यदुवंश की ओर से समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव की गौशाला और गोवंश के गोबर से जुड़ी हालिया टिप्पणी को लेकर लखनऊ में जगह–जगह पोस्टर लगाकर उनसे माफी मांगने की मांग की गई है। सुभाष यदुवंश ने अखिलेश यादव पर सनातन धर्म और गौपालक समुदायों का अपमान करने का आरोप लगाया। अपने संसदीय क्षेत्र कन्नौज में बोलते हुए अखिलेश यादव ने 28 मार्च को भाजपा सरकार पर कटाक्ष किया था। उन्होंने कहा था कि कन्नौज ने हमेशा भाईचारे की खुशबू फैलाई है, लेकिन भाजपा नफरत की बदबू फैलाती है। उन्होंने कहा था कि उन्हें (भाजपा को) दुर्गंध पसंद है, इसलिए वे गौशालाएं बना रहे हैं। हमें सुगंध पसंद है, इसलिए हम 'परफ्यूम' पार्क बना रहे हैं। सुभाष यदुवंश ने सोमवार को सपा प्रमुख पर गौ संस्कृति और हिंदू परंपराओं का अनादर करने का आरोप लगाया। अखिलेश यादव ने कहा कि गौशाला और गोबर से बदबू आती है, जबकि इत्र से अच्छी खुशबू आती है।

## एक तिथि एक त्योहार का नियम

# अब पूरे उत्तर प्रदेश में लागू होगा

## सीएम के निर्देश पर काशी विद्वत परिषद ने खाका किया तैयार

**वर्तमान सत्ता**

**लखनऊ** एक तिथि एक त्योहार का नियम अब पूरे प्रदेश में लागू होगा। बनारस से प्रकाशित पंचांग के आधार पर ही प्रदेश के व्रत–पर्व और अवकाश का निर्धारण होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर काशी विद्वत परिषद ने इसका खाका तैयार कर लिया है। प्रदेश के सभी पंचांगकारों की सहमति के बाद इस दिशा में कार्य भी शुरू हो चुका है। काशी के पंचांगों में एकरूपता के बाद अब प्रदेश के पंचांग की तिथियों को एक करने की तैयारी शुरू हो गई है। 2026 में पूरे प्रदेश के लिए एक तिथि एक त्योहार वाला पंचांग सामने आएगा। नवसंवत्सर पर इसे आम जनता के लिए लोकार्पित किया जाएगा। इससे प्रदेश के व्रत, पर्व, तिथि और त्योहारों के बीच होने वाला भेद भी दूर होगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर काशी विद्वत परिषद ने इसका खाका तैयार कर लिया है और इसे सात अप्रैल को मुख्यमंत्री को भी भेजा जाएगा। काशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश का पंचांग तैयार करने के लिए काशी के विद्वानों के साथ ही प्रदेश के प्रमुख पंचांगकारों की टीम बनाई गई है। अगले वर्ष की कालगणना, तिथि, पर्व का सटीक निर्धारण करके एक तिथि एक त्योहार और एक पंचांग के सूत्र पर इसे तैयार किया जाएगा।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय में पिछले दिनों आयोजित ज्योतिष सम्मेलन में पंचांगकारों में इस पर सहमति बन चुकी है। 2026 में आने वाले नवसंवत्सर में इसका प्रकाशन किया जाएगा। इसके प्रकाशन की जिम्मेदारी अन्नपूर्णा मठ मंदिर उठाएगा। यह पहला मौका होगा जब पूरे प्रदेश में त्योहारों पर होने वाला मतभेद दूर हो जाएगा। इसका प्रकाशन संवत 2083 यानी 2026–27 के लिए किया जाएगा।



### काशी के पंचांगों में हो चुकी है एकरूपता

काशी हिंदू विश्वविद्यालय, काशी विद्वत परिषद और काशी के पंचांगकारों के सहयोग से काशी के पंचांगों के अंतर को दूर किया जा चुका है। चौत्र प्रतिपदा से इसकी शुरुआत हुई है। इसमें बीएचयू से बनने वाला विश्वपंचांग, ऋषिकेश, महावीर, गणेश आपा, आदित्य और ठाकुर प्रसाद के पंचांग शामिल हैं। तीन साल की मेहनत के बाद काशी के पंचांगों में एकरूपता आई है।

### त्योहारों में नहीं रहेगा अंतर

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, नवरात्र, रामनवमी, अक्षय तृतीया, गंगा दशहरा, रक्षाबंधन, श्रावणी, जन्माष्टमी, पितृपक्ष, महालया, विजयादशमी, दीपावली, अन्नकूट, नरक चतुर्दशी, भैया दूज, धनतेरस, कार्तिक एकादशी, देवदीपावली, शरद पूर्णिमा, सूर्य षष्ठी, खिचड़ी और होली में होने वाला अंतर समाप्त हो जाएगा।

### समाज के मध्य होने वाला भ्रम होगा दूर

बीएचयू के ज्योतिष विभाग के प्रो. विनय पांडेय का कहना है कि पंचांगों की एकरूपता से समाज के मध्य होने वाला भ्रम दूर होगा। त्योहारों के निर्धारण में केवल उदया तिथि का ही महत्व नहीं होता है। राम नवमी के व्रत पर्व के लिए मध्याह्वव्यापिनी, दीपावली पर प्रदोषव्यापिनी, शिवरात्रि व जन्माष्टमी पर अर्द्धरात्रि का महत्व होता है। सामान्य व्रत पर्वों में ही उदया तिथि का मान लिया जाता है। कालखंड में व्याप्त तिथियों के अनुसार ही व्रत पर्वों का निर्धारण किया जाता है।

## अखिलेश ने करणी सेना को बीजेपी की सेना बताया



लखनऊ, वर्तमान सत्ता। उत्तर प्रदेश की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सत्ताधारी दल बीजेपी पर हमला बोलने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। इसी क्रम में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक बार फिर बीजेपी सरकार को आड़े हाथों ले लिया है। अखिलेश यादव ने करणी सेना को लेकर कहा कि वो करणी सेना नहीं है, बल्कि वो बीजेपी की सेना है। उन्होंने कहा कि जिस तरह हिटलर के पास ट्रूपर्स थे। वो अपने कार्यकर्ताओं को वर्दी पहनाकर दूसरे नेताओं पर हमला करवाते थे। अखिलेश ने कहा कि करणी सेना मतलब भारतीय जनता पार्टी है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से कोई उम्मीद नहीं कर सकते हैं। वो करणी सेना नहीं है, बल्कि वो भारतीय जनता पार्टी की सेना है। सपा मुखिया ने कहा कि जिस तरह से हिटलर के पास ट्रूपर्स थे। हिटलर के समय ट्रूपर्स होते थे, वो अपने कार्यकर्ताओं को वर्दी पहनाकर दूसरी पार्टी के नेताओं पर अटैक कराते थे। ये करणी सेना कुछ नहीं है। ये भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और नेता है। जो भारतीय जनता पार्टी ही करणी सेना है, करणी सेना मतलब भारतीय जनता पार्टी है। इसके साथ ही सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी न संविधान पर भरोसा करती है, न ही लोकतंत्र पर भरोसा करती है और न ही देश के कानून पर भरोसा करती है। बीजेपी अक्सर इस तरह का व्यवहार करती है, जिससे दूसरे अपमानित हों। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि चाहे धर्म के लोग हों या जातीय के लोग हों, रोकने से हमें इसलिए फर्क नहीं पड़ता है।

## संजय निषाद का सपा पर निशाना

# जिन्हें हिंदुस्तान में दिक्कत है, वे पाकिस्तान चले जाएं

**वर्तमान सत्ता**

**प्रयागराज।** निषाद पार्टी के अध्यक्ष और प्रदेश के मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने यहां समाजवादी पार्टी को निशाने पर लिया। औरंगजेब और मस्जिद को लेकर महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी के बयान पर उन्होंने कहा कि जालीदार टोपी वालों और जालिया (फ्रॉड) लोगों से सभी को सतर्क रहना होगा।



उन्होंने कहा कि ये चाहे जितना बरगला लें, देश के अल्पसंख्यक इनकी बातों में नहीं आने वाले हैं, क्योंकि अल्पसंख्यक अब उन्नति कर रहे हैं, वे विकास के पथ पर चलना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिन्हें हिंदुस्तान में किसी प्रकार की दिक्कत हो, वे पाकिस्तान चले जाएं। श्रृंगवेरपुर धाम में आज से शुरू होने वाले तीन दिवसीय निषादराज गुह्य जयंती समारोह के संबंध में डॉ. निषाद यहां सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने गोशाला में दुर्गंध संबंधी सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर कहा कि मुलायम सिंह यादव के पास अखाड़े के सलाहकार होते थे और अखिलेश यादव के पास भाड़े के सलाहकार हैं, इसीलिए पूर्व मुख्यमंत्री (अखिलेश) ऐसे बयान देते हैं। इस तरह के बयान उनकी मानसिकता को प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने बताया कि श्रृंगवेरपुर में अक्षरधाम मंदिर की तरह ऑडीटोरियम, वीआइपी गेस्ट हाउस, चेतना केंद्र व संग्रहालय के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री से मांग की गई है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है। वह समारोह के अंतिम दिन आएंगे।

इस आयोजन में पूरे प्रदेश से एक लाख लोग आएंगे। समारोह में पहले दो दिन तक पार्टी का अधिवेशन होगा। तीसरे दिन गुरुवार को दिन में लगभग 11 बजे मुख्यमंत्री आएंगे। विभिन्न योजनाओं के पात्रों को लाभ देंगे। मंत्री का दावा था कि भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस, जीरो पावर्टी सरकार की प्राथमिकता है। अधूरी परियोजनाओं को शीघ्र पूरी कराने का सरकार का जोर है। ब्लॉक व तहसील मुख्यालयों की सड़कों को हाईवे से जोड़ने का प्रयास चल रहा है। श्रृंगवेरपुर धाम का विकास भी सरकार की प्राथमिकता में है।

# यूपी में पत्नी ने की पति की नृशंस हत्या

**वर्तमान सत्ता**

**हमीरपुर।** मुस्करा कस्बा में शराबी पति की हरकतों से तंग पत्नी ने सिंघाड़ा काटने वाले बड़े चाकू (बांका) से वार कर पति की नृशंस हत्या कर दी। सूचना पर आई पुलिस व सीओ राठ ने जांच कर पत्नी को हिरासत में ले पूछताछ की। इसमें पत्नी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पति की हत्या के दौरान खून के छींटे दीवार व पत्नी क चेहरे पर भी मिले हैं। घटना के बाद पत्नी ने मनगढंत कहानी बनाकर पति के शव से लिपटकर रोती बिलखती रही। सोमवार को कस्बे के महोबा रोड स्थित बैजनाथ अग्रवाल विद्यालय के पीछे वाली बस्ती निवासी अरविंद (42) के बेटे राजेश ने थाने में पिता की हत्या किए जाने की सूचना दी। सूचना पर आई पुलिस को घर के बेड पर अरविंद लहूलुहान मृत पड़ा मिला। वहीं उसकी पत्नी अनीता के चेहरे पर खून के छींटे पड़े दिखे। थानाध्यक्ष योगेश तिवारी की सूचना पर सीओ राठ राजीव कुमार सिंह ने मौके पर पहुंच घटना की जांच की। साथ ही मृतक की पत्नी से पूछताछ की इसमें उसने पति की हत्या का जुर्म कबूल कर लिया। बताया कि दोपहर के समय तीनों बच्चे बाहर थे। अरविंद शराब पीकर घर आ गया और उसके साथ झगड़ा करने लगा। विवाद काफी बढ़ जाने पर उसने पास में रखी चाकू से उस पर वार कर दिया। उसकी गर्दन कट गई व मौके पर ही उसकी मौत हो गई। अरविंद रैकवार कस्बा स्थित कोल्ड ड्रिंक की एजेंसी में काम करता था। उसकी पत्नी अनीता सिंघाड़े बेंचने का काम करती थी। उनके तीन बेटे राजेश 18 कस्बा में ही फल का ठेला लगाता है। जबकि दो पुत्र शिब्बा व दिनेश पढ़ाई कर रहे हैं। घटना के समय बड़ा पुत्र बाजार में था। जबकि बाकी दो पुत्र घर के सामने ही गेहूं की फसल की कटाई चल रही वहीं पर खेल रहे थे।



मृतक के बेटे राजेश के अनुसार उसकी मां ने उसे फोन कर बताया कि उसकी तबीयत खराब है। उन्होंने उसे डॉक्टर को साथ लाने के लिए कहा। जब वह घर पहुंचा तो मां व पिता दोनों कमरे में मौजूद मिले। पिता बेड पर मृत पड़े थे और मां भी घायल दिखीं। उसके हाथ में खून लगा था।

घटना की सूचना पर पहुंचे मीडिया कर्मियों से मृतक की पत्नी ने मनगढ़ंत कहानी बताई। कहा कि वह और उसका पति घर में मौजूद थे। तभी अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर किसी धारदार हथियार से उसके पति की हत्या कर दी और बीच बचाव में वह घायल हो गई। लेकिन मोहल्लेवासी महिला को ही इसका आरोपी बताते रहे। बाद में पुलिस की पूछताछ में उसने जुर्म कबूल किया।

इस मामले में एसपी डॉ. दीक्षा शर्मा ने बताया कि सोमवार शाम 3रू30 बजे मुस्करा थाने में हत्या की सूचना मिली। जिस पर पुलिस, डॉगस्वायड व फॉरेंसिक टीम ने जांच की। जिसमें पति–पत्नी के आपसी विवाद का कारण सामने आया। तहरीर प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## शिवा डांस इंस्टीट्यूट के 21वें वार्षिकोत्सव में

# गीत-संगीत में बेटियों ने दिखाया हुनर



**वर्तमान सत्ता**

**नोएडा।** शिवा डांस इंस्टीट्यूट ने सेक्टर 62 स्थित गोविंद प्रसाद झुनझुनावाला मेमोरियल हाल में अपना 21वां वार्षिकोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार व सामाजिक चिंतक 'भारत गौरव' डॉ. जितेन्द्र बच्चन रहे। उन्होंने इंस्टीट्यूट की निदेशक मशहूर नृत्यांगना सोनिका श्रीवास्तव व अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

आयोजित भव्य कार्यक्रम में मेमोरियल हाल गीत–संगीत और नृत्य से प्रेम करने वालों से खचाखचा भरा रहा। बच्चन ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भरतनाट्यम, भारत का एक शास्त्रीय नृत्य है। यह नृत्य, भावनाओं को दिखाने और कहानियां सुनाने का एक अनोखा तरीका है। भरतनाट्यम शब्द का अर्थ है ऐसा नृत्य जो भाव, राग और ताल को व्यक्त करता है। उन्होंने शक्ति व साधना के पवित्र अवसर पर सभी को नवरात्रि और नव संवत्सर की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साह बढ़ाया।

वार्षिकोत्सव में इंस्टीट्यूट से जुड़ी बालिकाओं ने अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। एक छोटी सी बच्ची सोनिया की थीम पर शुरू हुई कहानी करीब दो घंटे तक चली। बेहद खूबसूरती से यह बताया गया एक लड़की का अपना सपना क्या होता है, माता–पिता खुद के सपनों को बच्चों में कैसे पूरा करने के ख्वाब देखते हैं और आधुनिकता की होड़ में बच्चे कभी–कभी माता–पिता को किस तरह वृद्धाश्रम पहुंचा देते हैं। लेकिन जब उन्हें गलती का अहसास होता है और मां–बाप भी बेटी का साथ देते हुए उसे प्रोत्साहित करते हैं तो वही बेटी नृत्य के माध्यम से देश–विदेश में अपना नाम रोशन करती है। अपनी–अपनी बेटियों का हुनर देखकर अभिभावकों की आंखें चमक उठीं। उन्होंने उनकी तारीफ में जमकर तालियां बजाईं।

शिवा डांस इंस्टीट्यूट की निदेशक सोनिका श्रीवास्तव ने भी मंच पर प्रस्तुति देकर सभी को रोमांचित कर दिया। वह अपनी भाव–भंगिमाओं के माध्यम से यह बताने में सफल रहीं कि भरतनाट्यम को भारत के कई अन्य शास्त्रीय नृत्यों की जननी माना जाता है। सोनिका श्रीवास्तव ने 'राष्ट्रीय जनमोर्चा' को बताया कि इस बार का वार्षिकोत्सव प्रोफेशन को लेकर ही था। लोग पढ़ाई को बहुत महत्व देते हैं लेकिन बच्चों को चाहिए कि पढ़ाई के साथ–साथ कुछ एक्सट्रा हुनर भी सीखना चाहिए। क्योंकि जब हम कुछ अलग करते हैं तो कुछ अलग दिखते भी हैं। इसलिए बहुत जरूरी है कि जीवन में हम कुछ अलग से सीखें और बेहतर करें।

सोनिका श्रीवास्तव स्वयं एक कथक नृत्यांगना हैं। उन्होंने बताया कि इस बार के एनुअल फंक्शन डांस के लिए हमने एक छोटी–सी कहानी पर बच्चों को नृत्य की प्रस्तुति देने के लिए तैयार कराया था। कहानी के हिसाब से घरवाले बच्ची से कहते हैं कि उसे डांस नहीं सीखना है, उसको डॉक्टर बनना है। लेकिन बेटी डांस में अपना बेहतरीन कैरियर बनाकर उन्हें बता देती है कि उसका हुनर दुनिया में किसी से कम नहीं है।

सोनिया श्रीवास्तव बताती हैं कि भरतनाट्यम में नवरसा या नौ भावनाओं को दिखाया जाता है और ये भावनाएं हैं– प्रेम, हंसी, करुणा, क्रोध, साहस, भय, घृणा, आश्चर्य व शांति। इनमें मुद्राओं यानी हाथ के इशारों, चेहरे के भावों और फुटवर्क का खास इस्तेमाल होता है। भरतनाट्यम में जो वेशभूषा तैयार की जाती है और आभूषण पहने जाते हैं, उसका भी अपना एक मतलब होता है। मंच का संचालन जानी–मानी एंकर, सिंगर एवं अदाकारा हेमा सक्सेना ने किया। फिर उन्होंने ही बड़ी खूबसूरती के साथ एक गीत गुनगुनाकर कार्यक्रम का समापन कर दिया। इस अवसर पर श्याम श्रीवात्सव, ज्योति आदि उपस्थित रहे।



**नोएडा :–** सेक्टर 56 में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रांगण में दिल्ली एम्स के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन कियास मंदिर प्रांगण में नोएडा के यशस्वी सांसद डॉ महेश शर्मा पहुंचकर रक्तदान शिविर का दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ कर लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। **फोटो वर्तमान सत्ता**

# हन्दू राष्ट्र ध्वज यात्रा बड़े धूमधाम के साथ निकाली



**वर्तमान सत्ता**

**मेरठ।** शारदा रोड, मेरठ, उत्तरप्रदेश स्थित हिन्दू महासभा कार्यालय से नौचण्डी स्थित श्री चंडी देवी मंदिर तक हिन्दू राष्ट्र ध्वज यात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गयी।

अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा का श्रीगणेश किया।उन्होंने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए भारत को अखंड हिन्दू राष्ट्र बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत पुनः विश्वगुरु कहलायेगा। उन्होंने हिन्दू एकता स्थापित करने का आह्वान किया।

यात्रा के दौरान मेरठ नगर के सैकड़ों नागरिकों ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित अशोक शर्मा, अभिषेक अग्रवाल, दीपक शर्मा, भरत राजपूत सहित हिन्दू महासभा संगठन के सदस्य एवं मेरठ नगर के सैकड़ों नागरिक सम्मिलित थे।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति कुसुमलता भाटी ने वर्तमान ऑफसेट याकूबपुर गांव, हॉजरी कांप्लैक्स, फेज–2, नोएडा गौतमबुद्धनगर से छपवाकर याकूबपुर गांव, हॉजरी कांप्लैक्स, फेज–2, नोएडा गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित किया। संपादक : शोभाराम भाटी, आर.एन.आई. नं. 72344/98, मो. नं. : 9810420278 **E-maill: vartmansatta@ yahoo.com**

# युवको ने ऑटो पर स्टंट किया

**नोएडा।** पिंक ऑटो का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। ये वीडियो नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे का बताया जा रहा है। जिसमें दो युवक ऑटो पर स्टंट कर रहे है। एक युवक ऑटो की छत पर बैठा है और दूसरा ऑटो के बाहर निकलकर स्टंट कर रहा है। ऑटो में तेज आवाज म्यूजिक बज रहा है। दोनों युवकों ने शर्ट नहीं पहन रखी है। वीडियो से लग रहा है कि चालक समेत दोनों युवक शराब के नशे में इस तरह का स्टंट कर रहे है। वीडियो के आधार पर ट्रैफिक पुलिस जांच कर रही है। ये वीडियो 20 सेकेंड का है। जिसमें ऑटो चालक और दो युवक खतरनाक स्टंट कर रहे है। एक्सप्रेस वे पर ऑटो के आसपास से तेज रफ्तार कार निकल रही है। इस तरह का स्टंट से बड़ा हादसा हो सकता है। इस ऑटो के पीछे आ रही एक कार में बैठे लोगों ने इसका वीडियो बनाया। इस वीडियो को अपलोड कर सख्त एक्शन लेने की मांग की है। फिलहाल ट्रैफिक पुलिस जांच कर रही है। बता दे सीएम के निर्देश पर आज से नोएडा में अवैध ई रिक्शा और ऑटो चालकों के खिलाफ कार्यवाही शुरू की गई है।

# शारदा विश्वविद्यालय की छात्रा ने जीता कास्य पदक




**वर्तमान सत्ता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा। शारदा विश्वविद्यालय की छात्रा प्रिया कोरंगा ने राजस्थान के झुंझुनू स्थित श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टिबरेवाला विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय क्वान–की–डो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 51 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के 67 विश्वविद्यालयों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। शारदा विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. सिबाराम खारा ने प्रिया की इस सफलता को उनकी मेहनत और स्पोर्ट्स संकाय के प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है और इससे अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। स्पोर्ट्स विभाग के डायरेक्टर डॉ. कपित दवे और उनकी टीम ने प्रिया को इस उपलब्धि के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं, विश्वविद्यालय खेल अधिकारी एवं कोच रिशांक अग्रवाल ने कहा, "प्रिया ने शारदा विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। उसने अपनी तकनीकों पर कड़ी मेहनत की और बेहतरीन प्रदर्शन किया।"

परिवार को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, और हमें प्रिया की सफलता पर गर्व है। विश्वविद्यालय प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी प्रिया को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# दिनेश अध्यक्ष, रंजू सचिव बने

**वर्तमान सत्ता**

**नोएडा।** राजस्थान कल्याण परिषद की चुनाव समिति की बैठक चुनाव अधिकारी के सी गुप्ता की अध्यक्षता मे सागर रत्ना सैक्टर 18 में आयोजित हुई। चुनाव अधिकारी के सी गुप्ता ने घोषणा करते हुए बताया कि राजस्थान कल्याण परिषद की वार्षिक कार्यकारिणी 2025–26 के 21 सदस्यों के लिए 21 सदस्यों ने ही नामांकन किया तथा इन्हीं 21 सदस्यों ने सर्वसम्मति से दिनेश महेश्वरी को अध्यक्ष, रंजू माथुर को सचिव एवं अनिल जैन को कोषाध्यक्ष चुना।

इस मौके पर निर्वाचित अध्यक्ष दिनेश महेश्वरी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो सामाजिक जिम्मेदारी उन्हें मिली है उसको वो अपनी टीम के साथ पूर्ण कर्तव्यों के साथ निर्वाह करेंगे। सभी सदस्यों ने चुनाव अधिकारी के सी गुप्ता का शांति पूर्ण एवं निष्पक्षता के साथ चुनवा संपन्न कराने के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

## कार्यालय–नगर पालिका परिषद दादरी, जनपद–गौतमबुद्धनगर

**पत्रांक संख्याः– 3025/न0पा0परि0दा0/ई0नि0सू0/2024–25** **दिनांकः– 28.03.2025**

### ई–निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा संचालित की जा रही अस्थायी कान्हा गौशाला में वोर्ड फुण्ड/राज्य वित्त आयोग/कान्हा गौशाला की संस्तुत्तियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से बेसहारा गोवंशो के भरण–पोषण हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये साईलेज प्रति कुन्टल (जी0एस0टी0 व किराये सहित) की आपूर्ति के कार्य हेतु फर्मों/ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से ई–निविदा के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है। इस हेतु ई–निविदा दिनॉकः–01.04.2025 से दिनॉक–15.04.2025 तक ऑनलाइन वेबसाइट https/etander.up.nic.in पर 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती हैं। ई–निविदा के संबंध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त कार्यों की ई–निविदा दिनांक 15.04.2025 को अपराहन 12.30 बजे खोली जायेगी, जिसे सम्बन्धित वेबसाइट https://etender.up.nic-in पर देखा जा सकता है।

किसी भी ई–निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा धनराशि के शुल्क एवं जमानत आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से नगर पालिका परिषद दादरी के खाता संख्या–50100065525653, एच0डी0एफ0सी0 बैंक, शाखा दादरी, IFSC Code-HDF0000927 में करायी जायेगी, जिसकी कॉपी सम्बन्धित ठेकेदारों द्वारा टेंडर अपलोड करते समय अपलोड की जायेगी। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य के नियम व शर्त कार्यालय नगर पालिका परिषद दादरी में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता है।

**नोट :–** ई–निविदा संशोधन की सूचना/जानकारी हेतु ई–प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in वेबसाईट को लगातार देखते रहें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(उमेश शर्मा)** | **(जयपाल सिंह)** | **(शालिनी गुप्ता)** | **(गीता शर्मा)** |
| **लिपिक,लेखा अनुभाग** | **अवर अभियन्ता, सिवलि** | **अधिशासी अधिकारी** | **अध्यक्ष** |
| **नगर पालिका परिषद** | **नगर पालिका परिषद** | **नगर पालिका परिषद** | **नगर पालिका परिषद** |
| **दादरी,गौतमबुद्धनगर।** | **दादरी, गौतमबुद्धनगर।** | **दादरी, गौतमबुद्धनगर।** | **दादरी, गौतमबुद्धनगर।** |

# राजस्थान कल्याण परिषद् ने गणगौर महोत्सव मनाया



**वर्तमान सत्ता**

**बिलासपुर ,छत्तीसगढ़।** राजस्थान कल्याण परिषद् नोएडा द्वारा आज गणगौर महोत्सव बड़ी धूमधाम से सनातन धर्म मंदिर सैक्टर – 19 में मनाया गया। गणगौर राजस्थान में महिलाओं द्वारा मनाया जाने वाला एक प्रमुख लोक पर्व है। जिसमें विवाहित महिलाओं द्वारा अपने परिवार की मंगल कामना एवं पति की लंबी आयु के लिए गणगौर स्थापना कर पूजा की जाती है। पार्वती को गणगौर प्रतिरूप व शिव को ईशर प्रतिरूप में पूजा की जाती है। गणगौर ईशर की पूजा होली दहन के अगले दिन से शुरू करके, सोलह दिनों तक महिलाएं सुबह सुबह पूजन करती हैं। कुंवारी लड़कियां भी अच्छा वर एवं अच्छा ससुराल मिले इसके लिए सोलह दिनों तक विधि विधान से गणगौर ईशर का पूजन करती हैं। आज विधिविधान से पूजा करके गणगौर को अगले साल तक खुशहाली लाने के लिए विदा किया गया। आज विदाई समारोह में गणगौर की शोभायात्रा मंदिर प्राँगण में निकाली गयी। शोभा यात्रा के बाद भजन संध्या का आयोजन भी किया गया जिसमें में प्रसिद्ध भजन गायक राजेश खण्डेलवाल एवं के सी गुप्ता द्वारा सुंदर सुंदर भजनों द्वारा श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया गया। भजन संध्या के बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में नोएडा के गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिनमें राजस्थान कल्याण परिषद् के निवर्तमान अध्यक्ष जुगल किशोर भारती, गणगौर कार्यक्रम के संयोजक दिनेश माहेश्वरी, रंजू माथुर एवं डॉ लीना चौहान अन्य गणमान्य लोगों में जि पी केडिया, अनिल अग्रवाल, अंजनी सर्राफ, ओ पी बंसल, प्रकाश ईनाणी, महेंद्र शाह, प्रदीप बजाज, अरविंद बैद, वि एन पारीक, जीवन जैन, अनिल जैन, पवन शर्मा, निशु गुप्ता, शांति लाल सुराना, मंजू केडिया, पारुल माहेश्वरी, सरिता गुप्ता, निशि अग्रवाल, वर्षा भारती, अनुराधा बैद, रंजना सोनी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**न्यायालय लधुवाद जज/सिविल जज (सी.डि.), गौतमबुद्ध नगर**
**इजराय सं.–10 सन 2012**

स्वतंत्र पाल सिंह **बनाम** रहमत अली

स्वतंत्र पाल सिंह पुत्र स्व. जशवंत सिंह, निवासी–डी–1329, गली नं.–7ए, अशोक नगर, दिल्ली–110093 द्वारा हरिओम सिंह पुत्र स्वतंत्र पाल सिह। **..डिक्रीदार**

**बनाम**

रहमत अली (मृतक)
1/1 श्रीमती शाहजहां पत्नी स्व. रहमत अली,
1/2 शकील सैफी
1/3 अशद सैफी
1/4 आसिफ सैफी
पुत्रगण स्व. रहमत अली निवासीगण मौहल्ला मल्लपाडा, कस्बा जेवर, तहसील जेवर, जिला गौतमबुद्ध नगर।

**विक्रय की उदघोषणा**
**(आदेश 21 नियम 66 सी.पी.सी.)**

न्यायालय लघुवाद जज/सिविल जज (सी.डि.), गौतमबुद्ध नगर के द्वारा निर्णित लघुवाद संख्या 2/2006 जिसमें स्वतंत्र पाल सिंह वादी था तथा रहमत अली प्रतिवादी था।

यह कि सूचना दी जाती है कि इस न्यायालय ने उपाबद्ध अनुसूची में वर्णित कुर्क सम्पत्ति का पार्श्व में वर्णित वाद (1) में डिक्रीदार के दावे की, जो खर्चो ओर विक्रय की तारीख तक के ब्याज सहित 1,40,500/– रूपये की राशि का है, तुष्टि में विक्रय करने के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 21 के नियम 64 के अधीन आदेश दिया गया है।

विक्रय लोक नीलामी द्वारा किया जाएगा और सम्पत्ति अनुसूची में विनिर्दिष्ट लाटों में विक्रय के लिए रखी जायेगी। विक्रय उक्त निर्णीतऋणियों की उस सम्पत्ति क होगा जो निम्नलिखित अनुसूची में वर्णित है और उक्त सम्पत्ति से संलग्न दायित्व और दावे, जहां तक की उनका अभिनिश्चित किया जा सका है, वे हैं जो हर एक लाट के सामने अनुसूची में विनिर्दिष्ट हैं।

जब तक मुल्तवी करने का आदेश न किया जाए यह विक्रय तारीख 09.04.2025 को 11.00 बजे में प्रारम्भ होने वाले मासिक विक्रय में सिविल अमीन द्वारा किया जाएगा। किन्तु यदि ऊपर विनिर्दिष्ट ऋण और विक्रय के खर्च किसी लाट के लिए बोली अन्तिम होने के पूर्व निविदत्त या संदत्त कर दिये जाते है तो विक्रय बंद कर दिया जायेगा।

विक्रय में सर्वसाधारण को या तो स्वयं या सम्यक् रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा बोली लगाने के लिए निमंत्रित किया जाता है। किन्तु उपरिवर्णित निर्णीत लेनदारी या उनके निमित्त लगाई गई कोई भी बोली स्वीकार नहीं की जाएगी और न्यायालय द्वारा पहले से दी गयी अभिव्यक्त अनुज्ञा के बिना उनको किया गया विक्रय विधिमान्य न होगा। विक्रय की अतिरिक्त शर्ते निम्नलिखित हैः–

1. निम्नलिखित अनुसूची में विनिर्दिष्ट विशिष्टियां न्यायालय की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार लिखी गयी है, किन्तु इस उदघोषणा में किसी गलती, अशुद्ध कथन या लोभ के लिए न्यायालय उत्तरदायी नहीं होगा।
2. वह रकम जितनी से बोलियां बढ़ाई जानी है विक्रय संचालित करने वाले अधिकारी द्वारा अवधारित की जाएंगी। यदि लगाई गई बोली की रकम के बारे में या बोली लगाने वाले के बारे में कोई विवाद पैदा होता है तो वह लाट तुरन्त पुनः नीलाम पर चढाया जायेगा।
3. किसी भी लाट की सबसे ऊंची बोली लगाने वाला व्यक्ति उस लाट का क्रेता घोषित किया जाएगा, परन्तु यह तब जब कि वह बोली लगाने के लिए वैध रूप से अर्हित हो, यह बात न्यायालय के या विक्रय करने वाले अधिकारी के विवेकाधिकार में होगी कि वह सबसे ऊंची बोली को स्वीकार करने से उस दशा में इन्कार दे जिसमें लगाई गई कीमत स्पष्टतः इतनी अपर्याप्त प्रतीत हो कि ऐसे इन्कार करना वांछनीय हो जाता है।
4. विक्रय संचालित करने वाले अधिकारी के विवेकाधिकार में यह बात होगी कि ऐसे कारणों से, जो अभिलिखित किए जाएंगे वह विक्रय को आदेश 21 के नियम 69 के उपबंधो के अधीन रहते हुए स्थगित कर दे।
5. जंगम सम्पत्ति की दशा में हर एक लाट की कीमत विक्रय के समय या उसके इतने शीघ्र पश्चात् जितना विक्रय करने वाला अधिकारी निदिष्ट करे, दी जाएगी और संदाय में व्यतिवम होने पर सम्पत्ति तत्काल पुनः नीलाम पर चढाई जाएगी और उसका पुनः विक्रय किया जाएगा।
6. स्थावर सम्पत्ति की दशा में, वह व्यक्ति जो क्रेता घोषित किया गया है उस घोषणा के पश्चात अविलम्ब अपने क्रयधन की रकम का पच्चीस प्रतिशत विक्रय संचालित करने वाले अधिकारी के पास निक्षिप्त कर देगा और ऐसा निक्षेप करने में व्यतिक्रम होने पर सम्पत्ति तत्काल पुनः नीलाम पर चढाई जाएगी और उसका पुनः विक्रय किया जाएगा।
7. क्रेता द्वारा क्रयधन की पूरी रकम सम्पत्ति के क्रय धन को छोडकर सम्पत्ति के विक्रय के पश्चात पन्द्रहवें दिन या यदि पन्द्रहवां दिन इतवार हो या अन्य अवकाश दिन हो तो पन्द्रहवें दिन के पश्चात कार्यालय खुलने के पहले दिन न्यायालय के बंद होने के पूर्व संदत्त कर दी जाएगी।
8. क्रयधन की बाकी रकम एक संदाय अनुज्ञात अवधि के अन्दर करने मे व्यतिवम होने पर सम्पत्ति का पुनः विक्रय, विक्रय की नई अधिसूचना निकाली जाने के पश्चात किया जाएगा। यदि न्यायालय ठीक समझे तो निक्षेप, उसमें से विक्रय के व्ययों को काट लेने के पश्चात सरकार के पक्ष में सम्पहत कर लिया जाएगा और व्यतिक्रम करने वाले क्रेता के सम्पत्ति पर या जिस राशि के लिए वह सम्पत्ति बाद में बेची जाए उस राशि के किसी भी भाग पर सब दावे सम्पहत हो जाएंगे।

यह आज तारीख 27.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी की गई।

**सम्पत्ति की अनुसूची**

मकान स्थित मौहल्ला मल्लपाडा, कस्बा जेवर, जिला गौतमबुद्ध नगर, जिसके पूरब सडक, पश्चिम बन्द गली, उत्तर मकान कैलाश कोली, दक्षिण मकान शौकत अली।

**आज्ञा से**
**न्यायालय लधुवाद जज/सिविल जज (सी.डि.), गौतमबुद्ध नगर**

# सेक्टर गामा-1 की समस्याओं को लेकर बैठक का आयोजन



**वर्तमान सत्ता**

**ग्रेटर नोएडा।** शहर के सेक्टर गामा–1 आरडब्ल्यूए की बैठक आहूत की गई और जिसमें सेक्टर की समस्याओं के समाधान के लिए आपस में विचार विमर्श किया गया। सेक्टर में पार्को की बाउंड्री वाल जगह जगह टूटी हुई है ,साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। कूड़ा समय से नहीं उठाया जाता है। प्राधिकरण स्तर पर भ्रष्टाचार व्याप्त है किसी भी शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। बैठक में संरक्षक संतराम भाटी एडवोकेट ,महाप्रबंधक यीडा राजेन्द्र भाटी ,अध्यक्ष मनोज भाटी (बोड़ाकी) एडवोकेट, महासचिव सत्येंद्र भाटी, कोषाध्यक्ष अनिल चेची एडवोंकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दलवीर ठाकुर एड., लाखन भाटी एड., अमरजीत भाटी, परशुराम यादव ,महेश भाटी ,सुरक्षा अधिकारी सुदेश पवार, राजू नागर,तेज सिंह नागर पूर्व अध्यक्ष, महेश भाटी सरपंच,जे पी सिंह रावत, प्रताप प्राचार्य ,राजीव रंजन, बच्ची राम रतूड़ी, राज पाल प्रधान ,महेश गुप्ता, जितेंद्र भारती, महेश कुमार, ईश्वर चंद शर्मा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा गंभीर परिणाम दे सकती हैं



**वर्तमान सत्ता**

**नोएडा।** माइंड वेलनेस साइकोलॉजिकल सेंटर ने नोएडा हाट में आयोजित आयुष उत्सव वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस एक्सपो में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह आयोजन मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और इसके संपूर्ण कल्याण पर प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक करने का एक प्रभावी मंच साबित हुआ। विशेषज्ञ मनोवैज्ञानिकों की टीम, जिसमें डॉ. कर्तिकी पोर्वाल, डॉ. स्वाति प्रियदर्शी और डॉ. प्रीति गुप्ता शामिल थीं, ने काउंसलिंग सत्र और संवादात्मक चर्चाएँ आयोजित कीं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस तथ्य को रेखांकित किया कि यदि मन स्वस्थ नहीं है, तो शरीर भी स्वस्थ नहीं रह सकता, और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा गंभीर परिणाम दे सकती है।

एक्सपो के दौरान, तनाव, चिंता, गुस्सा और बच्चों में व्यवहार संबंधी समस्याओं जैसे आम मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों पर चर्चा की। टीम ने लोगों को अपनी मानसिक समस्याओं के बारे में खुलकर बात करने और सामाजिक कलंक से बचने के लिए प्रेरित किया। डॉ. कर्तिकी पोर्वाल ने कहा, "बहुत से लोगों को लगता है कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ केवल कुछ लोगों को होती हैं, लेकिन वास्तव में तनाव, चिंता और भावनात्मक परेशानी किसी को भी हो सकती है। महत्वपूर्ण यह है कि हम इन समस्याओं को समय पर पहचानें और उन पर काम करें, ताकि वे आगे चलकर गंभीर न बनें।

MWPC ने उपस्थित लोगों से मानसिक स्वास्थ्य के बारे में चुप्पी तोड़ने, जरूरत पड़ने पर मदद लेने और भावनात्मक रूप से स्वस्थ जीवन जीने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाकर और काउंसलिंग सहायता प्रदान करके, MWPC व्यक्तियों को तनावमुक्त और संतुलित जीवन जीने के लिए सशक्त बना रहा है।